प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



मायावती के ऐलान से अखिलेश को लगा झटका पेज- 2

पेज-6 सपाईयों ने मनाई संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती

वर्ष : 15 अंक : 66 | मंगलवार 24 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## नमो भारत से बदलेगी दिल्ली की रफ्तार

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीएम मोदी का जताया आभार

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्नमो भारतत्र रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के दिल्ली–मेरठ कॉरिडोर के उद्घाटन के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को हार्दिक धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता की ओर से माननीय प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रविवार को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा भारत की पहली श्नमो भारतत्र आरआरटीएस सेवा का उद्घाटन और संपूर्ण दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित किया जाना, दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह परियोजना न केवल आधुनिकतम तकनीक पर आधारित है, बल्कि दिल्लीवासियों की यात्रा को तेज, सुरक्षित और अत्यंत आरामदायक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि नमो भारत कॉरिडोर देश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण है और दिल्ली को मिली यह सौगात हम सभी के लिए गर्व और आनंद का विषय है। यह अत्याधुनिक श्नमो भारतत्र कॉरिडोर, जो राष्ट्रीय



राजधानी दिल्ली से मेरठ तक फैला है, प्रतिदिन सैकड़ों हजारों यात्रियों को तेज और विश्वसनीय कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इससे यात्रियों के लिए यात्रा समय में भारी कटौती होगी और प्रतिदिन आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक सुविधाजनक होगा। साथ ही, सड़कों पर निजी वाहनों की संख्या कम होने के कारण ट्रैफिक जाम में कटौती होने के साथ–साथ कार्बन उत्सर्जन में भी उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का परिवहन क्षेत्र को लेकर विजन स्पष्ट रूप से एकीकृत, आधुनिक और सतत विकास पर आधारित है। उनका लक्ष्य केवल सड़क, रेल, मेट्रो या हवाई सेवाओं का विस्तार भर नहीं, बल्कि मल्टी–मॉडल कनेक्टिविटी के माध्यम से देश के हर क्षेत्र को तेज, सुरक्षित और किफायती परिवहन नेटवर्क से जोड़ना है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक्सप्रेसवे, सेमी–हाई स्पीड रेल, वंदे भारत ट्रेनें, मेट्रो विस्तार, अंतर्देशीय जलमार्ग और रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम जैसे प्रोजेक्ट्स पर तेज गति से काम हुआ है। उनका दृष्टिकोण श्समय की बचत, ईंधन की बचत और प्रदूषण में कमीत्र के सिद्धांत पर आधारित है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिले और आम नागरिक को बेहतर यात्रा अनुभव प्राप्त हो। यह विजन विकसित भारत के निर्माण में परिवहन अवसंरचना को मजबूत आधारशिला के रूप में स्थापित करता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में बढ़ते जनसंख्या दबाव और आवागमन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना का दिल्ली के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा। श्नमो भारतत्र कॉरिडोर हमारी राजधानी की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को एक नई ऊर्जा देगा और यात्रियों का समय व संसाधन दोनों बचाएगा। इस परियोजना की सफलता को देश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का प्रमुख उदाहरण बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा, रोजगार के अवसरों को सुदृढ़ करेगा और क्षेत्रीय समग्र विकास को नई गति प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने फिर एक बार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को दिल्ली की ओर से गहन धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पहल दिल्ली के लोगों के लिए अमूल्य उपहार है, जिसकी उपस्थिति आने वाली पीढ़ियों के लिए आधारभूत परिवर्तनकारी कदम साबित होगी।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता

### -एनकाउंटर में जैश से जुड़े दो आतंकी ढेर

(एजेंसी) श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दूरदराज चटरू क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद (जेईएम) के दो आतंकवादी मारे गए। सेना ने बताया कि दोनों आतंकी श्ऑपरेशन त्राशी–द्वद्वय के तहत पासेरकुट इलाके में मार गिराए गए। उनके कब्जे से दो एके–47 राइफल सहित हथियार और गोला–बारूद बरामद किया गया है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, जम्मू–कश्मीर पुलिस, इंटेलिजेंस ब्यूरो और अन्य खुफिया स्रोतों से मिले विश्वसनीय इनपुट के आधार पर किश्तवाड़ में संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों को चिन्हित कर उन्हें निष्क्रिय करना था। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि प्रारंभिक संपर्क के बाद काउंटर–इंटेलिजेंस फोर्स (सीआईएफ) डेल्टा की टुकड़ियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर रविवार सुबह करीब 11 बजे दुर्गम इलाके में आतंकवादियों से दोबारा मुठभेड़ की। सटीक रणनीति और समन्वित कार्रवाई के बाद सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल पर नियंत्रण स्थापित कर दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मारे गए दोनों आतंकी पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित जेईएम संगठन से जुड़े थे। वे पहाड़ियों की तलहटी में स्थित एक कच्चे मकान में छिपे हुए थे। सुरक्षाबलों की तलाशी टीम के नजदीक पहुंचते ही आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में उन्हें ढेर कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान अभी जारी है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने चटरू के जंगल क्षेत्र में आतंकवादियों और



सुरक्षाबलों के बीच लगभग आधा दर्जन मुठभेड़ें हुई थीं, जिनमें एक सैनिक और एक आतंकवादी मारा गया था। रविवार की कार्रवाई के साथ ही इस वर्ष जम्मू क्षेत्र में अलग–अलग अभियानों में सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए जेईएम आतंकवादियों की संख्या छह हो गई है। इससे पहले उधमपुर में दो और कठुआ जिले में एक आतंकवादी को मार गिराया गया था।

## मोहम्मद दीपक से मिले राहुल गांधी, कोटद्वार जाकर लेंगे जिम की सदस्यता

(एजेंसी) नयी दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड में एक मुस्लिम



दुकानदार की मदद करने के बाद मोहम्मद दीपक नाम से चर्चा में आए जिम संचालक दीपक कुमार से सोमवार को मुलाकात की और उनसे कहा कि वह उनके जिम की सदस्यता लेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर हुई इस मुलाकात में कांग्रेस नेता वैभव वालिया, दीपक के दोस्त विजय रावत और कुछ अन्य लोग मौजूद थे। राहुल गांधी ने दीपक की मुलाकात सोनिया गांधी से भी करवाई और उनकी पत्नी से फोन पर बात भी की। मुलाकात के बाद दीपक ने संवाददाताओं से कहा, राहुल जी ने मुझे बुलाया था। उन्होंने मुझे सोनिया जी से भी मिलवाया और मेरी पत्नी से फोन पर बात की। उन्होंने मुझसे कहा कि आपने अच्छा काम किया है और मैं कोटद्वार आकर आपकी जिम की सदस्यता लूंगा। राहुल गांध ी की भारत जोड़ो यात्रा में उनके साथ पदयात्रा करने वाले कांग्रेस नेता वैभव वालिया ने कहा, राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा से देश भर में मोहब्बत की दुकान खेलने का जो संदेश दिया था, मोहम्मद दीपक ने उसे ही आगे बढ़ाया है। हम राहुल गांधी के आभारी हैं कि उन्होंने इंसानियत और मोहब्बत के लिए खड़े होने वाले उत्तराखंड के एक नौजवान का सम्मान किया। उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि उत्तराखंड और पूरे देश में मोहब्बत जीतेगी और नफरत हारेगी। बीते 26 जनवरी को उत्तराखंड के कोटद्वार में कपड़ों की दुकान बाबा का नाम बदलने के लिए दुकान मालिक वकील अहमद पर दबाव बनाने को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ता दुकान के बाहर जमा हो गए थे। इसी दौरान अहमद के बेटे मोहम्मद शोएब के मित्र और 42 वर्षीय जिम मालिक दीपक कुमार ने बजरंग दल के इस रवैये का विरोध किया और कार्यकर्ताओं को वहां से हटने पर मजबूर कर दिया। दीपक कुमार के इस कदम की देशभर में सराहना हो रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर उन्हें भारत का हीरो बताया था।

## आप सरकार मार्च में पेश करेगी लोक-हितैषी बजट : मुख्यमंत्री मान

(एजेंसी) अहमदाबाद /चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने घोषणा की कि पंजाब सरकार मार्च में अपना पांचवां लोक–हितैषी बजट पेश करेगी, जो पहले की तरह समाज के हर वर्ग की भलाई पर केंद्रित होगा। पत्रकारों से बातचीत में भगवंत सिंह मान ने कहा कि सरकार ने लगातार लोक–हितैषी और नागरिक–केंद्रित फैसले लिए हैं, जिन्होंने राज्य की दिशा बदल दी है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पंजाब सरकार मार्च महीने में अपना पांचवां बजट पेश करेगी और हम सभी की भलाई के उद्देश्य से लोक–हितैषी बजट पेश करने की अपनी परंपरा को जारी रखेंगे। हमारा एकमात्र उद्देश्य आम आदमी की भलाई सुनिश्चित करना है और हम इसे हासिल करने के लिए कठोर प्रयास कर रहे हैं। आने वाला बजट फिर से पंजाब के लोगों को बहुत अधिक लाभ प्रदान करेगा। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि लगातार कई सालों से भाजपा के नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार द्वारा पेश किया गया केंद्रीय बजट दिशाहीन और समाज के अमीर वर्गों की ओर झुकाव वाला रहा है। उन्होंने कहा, गुजरात में जहां वास्तव में कोई विपक्षी दल नहीं है, आम आदमी की तकलीफें बढ़ी हैं और लोग दुख



झेल रहे हैं। कांग्रेस और भाजपा वहां दोस्ताना मैच खेल रहे हैं और आम आदमी की आवाज को दबा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने टिप्पणी की कि जब प्रधानमंत्री देश को विश्व गुरु बनाने की बात करते हैं तो उनके गृह राज्य के लोग मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, लोकतंत्र में विपक्षी दल की आवाज दबाने के लिए केंद्र सरकार ने डिजिटल जनता का संकल्प पेश किया है, जहां वोट डेटा शरारत से बनाया जाता है और हर राज्य में चुनाव जीतने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आज गुजरात के लोग श्आपत्र को अपना मुक्तिदाता देख रहे हैं। श्आपत्र के रूप में हर गुजराती परिवार की आंखों में उम्मीद है। राज्यों के वित्तीय अधिकारों का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि केंद्र ने ग्रामीण विकास फंड में पंजाब के जायज हिस्से को अलोकतांत्रिक तरीके से रोका है, यही कुछ गैर–भाजपा शासित राज्यों के साथ हो रहा है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में सरकार लोगों की, लोगों के लिए और लोगों द्वारा होती है लेकिन आज विपक्षी दल की आवाज दबाने का रुझान बन गया है। जैसे एक गुलदस्ते की उसकी विविध फूलों के लिए प्रशंसा की जाती है, उसी तरह लोकतंत्र तब बढ़ता–फूलता है, जब हरेक आवाज सुनी जाती है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि हमारी सरकार विकास के लिए फंड बांटते समय किसी के साथ भेदभाव नहीं करती। उन्होंने कहा, जहां भी श्आपत्र ने सरकार बनाई है, वहां करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल आम आदमी की भलाई के लिए समझदारी से किया गया है। दिल्ली के बाद पंजाब में श्आपत्र सरकार ने जनता की भलाई के लिए एक–एक रुपए का तर्कसंगत उपयोग सुनिश्चित किया है। महत्वपूर्ण सुधारों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, श्ऐसे समय में जब केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय संपत्तियों को मामूली कीमतों पर कुछ रसूखदार दोस्तों को सौंपा जा रहा है, पंजाब ने एक निजी थर्मल प्लांट खरीदकर इतिहास रचा है। हम मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए 881 आम आदमी क्लीनिक खोल चुके हैं और सरकारी अस्पताल लोगों को मानक चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। स्वास्थ्य सुधारों के बारे में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य ने मुख्यमंत्री सेहत योजना शुरू की है, जो अपनी तरह की पहली ऐसी योजना है, जिसके तहत पंजाब में रहने वाले हर परिवार को 10 लाख तक का नकद रहित चिकित्सा इलाज किया जाता है। उन्होंने कहा, श्पंजाब, ऐसी व्यापक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने वाला देश का पहला राज्य है। इससे लोगों पर वित्तीय बोझ काफी कम हुआ है और साथ ही मानक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की गई हैं। इस ऐतिहासिक कदम का उद्देश्य राज्य के सभी परिवारों को मानक स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है। शिक्षा क्षेत्र के बारे में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार ने सभी सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने के लिए पंजाब शिक्षा क्रांति शुरू की है। उन्होंने कहा, हम 118 सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक उपकरणों से लैस लैब, खेल मैदानों के साथ शानदार स्कूलों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिक्षकों और प्रिंसिपलों को विशेष प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजा जा रहा है ताकि वे आधुनिक शिक्षा अभ्यासों से अच्छी तरह परिचित हों और छात्रों को वैश्विक मुकाबले के लिए तैयार कर सकें। यह बहुत गर्व की बात है कि पंजाब, भारत सरकार द्वारा करवाए गए राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में केरल को भी पीछे छोड़कर पहले स्थान पर आ गया है। बुनियादी ढांचे के बारे में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब ने अपने इतिहास में सबसे बड़ा सड़क निर्माण अभियान चलाया है, जिसके तहत 16209 करोड़ की लागत से 44920 किलोमीटर सड़कें बनाई गई हैं। उन्होंने कहा, ये सभी सड़कें पांच साल की देखभाल की शर्त के साथ बनाई जा रही हैं, जो उच्चतम गुणवत्ता के मानकों और विश्व स्तरीय सड़क सुरक्षा विशेषताओं को सुनिश्चित करती हैं। यह ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देगा और पूरे पंजाब में बेहतर गतिशीलता प्रदान करेगा। सुरक्षा बलों की कुर्बानियों को मान्यता देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य द्वारा हथियारबंद सेनाओं, अर्ध–सैनिक दस्तों और अग्निवीरों के जवानों के परिवारों को एक करोड़ रुपए और ड्यूटी के दौरान शहीद होने वाले पुलिस कर्मचारियों के परिवारों को दो करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा, यह सहायता हमारे नायकों द्वारा दी गई सर्वोच्च कुर्बानी के सम्मान का प्रतीक है। यह देश की एकता, अखंडता और प्रभुसत्ता की रक्षा करने वाले सूरवीरों को हमारी नम्र श्रद्धांजलि है। एक अन्य लोक–हितैषी फैसले में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार ने 19 टोल प्लाजा बंद कर दिए हैं, जिससे टोल शुल्क में आम लोगों की जेबों से रोजाना 64 लाख रुपए की बचत हुई है। अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार के हर नीतिगत फैसले का उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना, नागरिकों को सशक्त बनाना और लोक भलाई वाला व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

## चिकित्सा पर्यटन के लिए अपने पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर रहा भारत : जेपी नड्डा

(एजेंसी) नयी दिल्ली केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि भारत अपने मंत्रालयों, नियामक प्राधिकरणों, प्रत्यायन एजेंसियों और राज्य सरकारों के बीच समन्वय को सुव्यवस्थित करके चिकित्सा पर्यटन का समर्थन करने वाले पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर काम कर रहा है। स्वास्थ्य मंत्री यहां भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) द्वारा आयोजित एडवांटेज हेल्थ केयर इंडिया सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि सरकार चिकित्सा यात्रा को सहयोग के एक ऐसे माध्यम के रूप में देखती है जो विश्वास पैदा करता है और देशों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करता है। उन्होंने कहा, श्चिकित्सा संबंधी यात्राएं विश्व के साथ भारत की स्वास्थ्य सेवा संबंधी भागीदारी का एक महत्वपूर्ण आयाम हैं। यह हमारी नैदानिक घ्उत्कृष्टता, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित मानकों, पारदर्शी शासन ढांचे और रोगी–केंद्रित देखभाल के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज के भारत में उच्च कौशल प्राप्त चिकित्सा पेशेवरों और आधुनिक स्वास्थ्य सेवा



अवसंरचना की बदौलत हृदय रोग विज्ञान, कर्क रोग विज्ञान, अंग प्रतिरोपण, ऑर्थोपेडिक्स और तंत्रिका विज्ञान सहित कई विशिष्टताओं में उन्नत उपचार उपलब्ध हैं। नड्डा ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मेलन हितधारकों को आपसी जुड़ाव को गहरा करने और सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और हितधारकों को सार्थक सहयोग बनाने और भारत द्वारा एक भरोसेमंद एवं विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा भागीदार के रूप में पेश की जाने वाली विशाल क्षमता का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# सम्पादकीय

## भाजपा ने किया कांग्रेस पर प्रहार

कांग्रेस शासित राज्य तेलंगाना के स्थानीय निकायों के चुनावों में केन्द्र की एनडीए सरकार का नेतृत्व कर रही भाजपा का प्रदर्शन बहुत ही निराशाजनक रहा। जो एक तरह से उसके लिए चिंता का विषय होना चाहिए। बहरहाल, मैं नफीस जाफरी आपको यह बात दूं कि इस दौरान तेलंगान की भाजपा इकाई के नेताओं ने कांग्रेस पर वोटचोरी के आरोपों को लेकर उस पर तीखा प्रहार किया है। लोगबाग यह कह सकते हैं कि चूंकि स्थानीय निकायों के चुनावों में भाजपा की करारी और शर्मनाक हार हुई है, इसलिए भाजपा ने ऐसा किया है। लेकिन इस बीच वोटचोरी के कांग्रेस के बहुचर्चित आरोपो को लेकर भाजपा ने कांग्रेस के संबंध में जो सवाल उठाए है, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। विदित हो कि 14 फरवरी को तेलंगाना स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजे घोषित होने के दो दिन बाद भी राज्य की राजनीति का पारा चढ़ा हुआ है। कांग्रेस की जीत के बाद भाजपा ने कांग्रेस से सवाल किया है कि अब वोट चोरी का मुद्दा क्यों नहीं उठा रहे, वोट चोरी कहां गई? बता दें कि ये चुनाव 12 फरवरी को कराए गए थे और चेयरपर्सन, मेयर तथा उनके डिप्टी पदों के लिए मतदान प्रक्रिया 16 फरवरी तक पूरी की गई, हालांकि राज्य निर्वाचन आयोग ने 11 नगरपालिकाओं में मतदान को स्थगित कर दिया था। इस पूरे विवाद के केंद्र में भाजपा ने भी आरोप लगाया है. पार्टी की प्रवक्ता रचना रेड्डी ने कांग्रेस पर राजनीतिक पाखंड का आरोप लगाते हुए कहा कि वह कथित वोट हेरफेर के मुद्दे पर चयनात्मक तरीके से आक्रोश जताती है। कांग्रेस नेताओं द्वारा कई राज्यों में हार के बाद श्वोट चोरीश के आरोप उठाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, जब वे जीतते हैं तो वोट चोरी नहीं होती, लेकिन जब हारते हैं तो सिस्टम को दोष देते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि तेलंगाना की कांग्रेस सरकार अपने सात प्रमुख वादों को पूरा करने में नाकाम रही है और कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव सीधे तौर पर फंड आवंटन और विकास कार्यों से जुड़े होते हैं। बहरहाल आलोचनाओं के बावजूद आंकड़े कांग्रेस की बड़ी जीत की ओर इशारा करते हैं। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने पूरे राज्य में 86 चेयरपर्सन और मेयर पदों पर जीत दर्ज की है, जबकि 84 डिप्टी पद भी उनके खाते में गए हैं। बीआरएस को 18 चेयरपर्सन और 14 डिप्टी पद मिले हैं। भाजपा को 2 मेयर या चेयरपर्सन पद और 5 डिप्टी पद हासिल हुए हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों ने 4 चेयरपर्सन और 4 डिप्टी पद जीते हैं। सीपीआई ने 1 मेयर पद, एआईएफबी ने 1 चेयरपर्सन और 1 डिप्टी पद, सीपीएम ने 1 डिप्टी चेयरपर्सन पद और एआईएमआईएम ने 3 डिप्टी मेयर या उपाध्यक्ष पदों पर जीत दर्ज की है। ज्यादातर शहरी निकायों में कांग्रेस ने बीआरएस से बेहतर प्रदर्शन किया है। नगर निगमों में कांग्रेस का दबदबा देखने को मिला, जबकि भाजपा केवल करीमनगर में एक निगम जीतने में सफल रही। इन नतीजों को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की राजनीतिक पकड़ मजबूत होने के तौर पर देखा जा रहा है। 2023 विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को जीत दिलाने के बाद उन्होंने विधानसभा उपचुनावों, लोकसभा सीटों और अब स्थानीय निकायों तक पार्टी की स्थिति को मजबूत करना जारी रखा है। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक गलियारों में मुख्यमंत्री की हालिया राहुल गांधी से मुलाकात भी चर्चा का विषय बनी हुई है। चुनाव प्रक्रिया की घोषणा के बाद पिछले हते रेवंत रेड्डी ने राहुल गांधी से मुलाकात की थी, जिसे राज्य और केंद्रीय कांग्रेस नेतृत्व के बीच अहम राजनीतिक समन्वय के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। अब जब स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजे सामने आ चुके हैं, मुख्यमंत्री का फोकस राष्ट्रीय मंच की ओर भी बढ़ता दिख रहा है। फिलहाल कांग्रेस मजबूत जमीनी जनादेश का जश्न मना रही है, बीआरएस अपनी खोई जमीन वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही है और भाजपा सरकार की कार्यशैली व राजनीतिक निरंतरता दोनों पर सवाल उठाते हुए अपने हमले तेज कर रही है।


नफीस जाफरी

# मायावती के ऐलान से अखिलेश को लगा झटका


गुलफिशा खान

यूपी में होने वाले आगामी चुनावों से पहले बसपा सुप्रीमो मायावती ने साफ कर दिया है कि पार्टी इस बार किसी भी गठबंधन में नहीं जाएगी और प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ेगी। लखनऊ से जारी प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि गठबंधन बसपा को फायदा नहीं, बल्कि नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए पार्टी पूर्ण बहुमत के लक्ष्य के साथ अकेले मैदान में उतरेगी। मायावती ने कहा कि पिछले कुछ समय से उनके और बसपा को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक और फर्जी दावे फैलाए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मैसेज या पोस्ट पूरी तरह गलत हैं और कार्यकर्ताओं को इन अफवाहों से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि एआई के ज़रिए बनाई गई फर्जी बयानबाज़ी को पार्टी गंभीरता से ले रही है। बसपा अध्यक्ष ने याद दिलाया कि 2007 में बसपा ने अकेले दम पर सरकार बनाई थी और यह मॉडल फिर दोहराया जाएगा. उनके अनुसार, गठबंधन की राजनीति हमेशा बसपा के जनाधार को नुकसान पहुंचाती है और पार्टी का वोट दूसरी पार्टियों के खाते में ट्रांसफर हो जाता है। उन्होंने कहा कि गठबंधन से ज्यादा फायदा अन्य पार्टियों को हुआ है, बसपा को नहीं। मायावती ने भाजपा, कांग्रेस और सपा पर भी निशाना साधा. उन्होंने आरोप लगाया कि सभी पार्टियां दलित, पिछड़े और मुस्लिम वोटरों को लेकर केवल बयानबाज़ी करती हैं, लेकिन बसपा ही इन वर्गों को वास्तविक प्रतिनिधित्व देती है। उन्होंने कहा कि बसपा अपने उम्मीदवार पहले ही घोषित कर चुकी है और संगठन चुनाव की पूरी तैयारी में जुटा है। उन्होंने यह भी दोहराया कि पार्टी किसी भी भ्रम में नहीं है और न ही किसी दूसरे मोर्चे या गठबंधन में शामिल होने वाली है। मायावती ने बताया कि कुछ संगठन नाम "बहुजन" जोड़कर लोगों में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बसपा इन गलत गतिविधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करेगी। आपको बता दें कि मायावती से पहले बीते दिनों लखनऊ में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव



ने कहा था कि अम्बेडकर और लोहिया साथ काम कर सकते थे लेकिन परिस्थितियों की वजह से ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि राजनीति में गठबंधन बनते हैं, फिर टूटते हैं और फिर बन जाते हैं। ऐसे में हम अपने पुराने गठबंधन को मज़बूत करने की कोशिश करेंगे। अखिलेश यादव के इस बयान को 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा बसपा गठबंधन से जोड़कर देखा गया और चर्चा शुरू हो गई कि सपा बसपा फिर साथ आ सकते हैं। वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती ने पिछले महीने अपने जन्मदिन के मौके पर पार्टी की रणनीति तय करने के लिए एक बड़ी बैठक की थी। उस बैठक से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि भविष्य में गठबंधन को लेकर वो फ़ैसला इस आधार पर लेंगी कि कोई दल जब उन्हें सवर्ण वोट ट्रांसफर कराने की गारंटी दे। उन्होंने कहा कि पिछला अनुभव अच्छा नहीं रहा, इसलिए जब उन्हें कोई ये भरोसा दे देगा कि सवर्ण वोट बीएसपी को दिलाएगा, तब गठबंधन को लेकर सोचेंगे। हालांकि अभी इसमें समय है। मायावती ने जब सवर्ण वोट ट्रांसफर कराने की बात कही तो राजनैतिक चिंतकों ने कहा कि मायावती का इशारा भाजपा की तरफ़ था। ऐसा इसलिए क्योंकि यूपी में सवर्ण वोट कभी कांग्रेस के साथ थे और वर्तमान में सवर्णों के वोट का बड़ा हिस्सा भाजपा के पक्ष में खड़ा दिखाई देता है। ऐसे में मायावती का संदेश और संकेत भाजपा के लिए था। विशेषज्ञों ने ये भी कहा कि अखिलेश यादव ने मायावती के इसी बयान को देखते हुए नरमी दिखाई और इशारों इशारों में मायावती के साथ आने का मैसेज दे दिया। यहां यह बताते चलें कि यूपी की राजनीति में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए में चार दल हैं। ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा, डॉ संजय निषाद की निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल (सोनेलाल) और जयंत चौधरी की लोकदल। वहीं विपक्ष में इंडिया अलायन्स में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन में हैं। अगर बात करें बीएसपी की तो 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन करने और चुनाव बाद गठबंधन तोड़ने के बाद बीएसपी अब तक किसी के साथ गठबंधन में नहीं आई है।

# पाकिस्तान की सेना में बग़ावत की आहट!


फरीद वारसी

फ्रांस 24 न्यूज चैनल के एंकर मार्क पर्लमैन को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दो दिनों पहले एक इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू ने ऐसी आग लगाई कि पाकिस्तानी खुद अपने रक्षा मंत्री का मजाक उड़ा रहे हैं। वहीं ख्वाजा आसिफ ने यहां तक कह दिया कि भारत, अफगानिस्तान और पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली के कारण सेना उनके देश पर इस समय शासन नहीं कर रही है। सुनिए किस सवाल पर क्या बोले...क्या गाजा में सेना भेजेंगे –इसमें कोई समस्या नहीं है। एक बार ड्राट देख लें और हम काफी दिनों से पीस कीपिंग फोर्स दुनिया भर में भेजते रहे हैं। इजरायल से क्या संबंध सुधरेंगे– अभी तो मैं ये नहीं देखता। अगर टू नेशन थ्योरी पर काम होता है तो हो सकता है भविष्य में पाकिस्तान के इजरायल से अच्छे संबंध हों। पाकिस्तान में बम विस्फोटों पर– अफगानिस्तान में हर तरह के आतंकवादियों की फ्रेंचाइजी है। काबूल सरकार आतंकवाद को सेफ हैवन दे रही है। पाकिस्तान में होने वाले सभी आतंकवादियों घटनाओं में अफगानिस्तान का हाथ है। अगर वो ऐसा करना जारी रखते हैं तो हम कभी भी अफगानिस्तान पर हमला कर सकते हैं। भारत पर आरोप– चार दिन तक चले युद्ध में भारत बुरी तरह पिटा। उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी बेइज्जती हो रही है। इसलिए अब वो प्रॉक्सी वॉर कर रहे हैं। दिल्ली और काबुल मिलकर काम कर रहे हैं। उनके काबुल से बहुत अच्छे संबंध हैं। हमारे अभी काबुल डायरेक्ट और इनडायरेक्ट कोई संबंध नहीं हैं। असीम मुनीर क्या रियल बॉस का सवाल सुनकर डिफेंस मिनिस्टर गला साफ करने लगते हैं और फिर कहते हैं, जी हां, बहुत से लोग ऐसा कहते हैं। मैं आपसे सहमत हूं, लेकिन ये एक अरेंजमेंट है। पाकिस्तान का इतिहास रहा है आर्मी सरकार को कंट्रोल करती है। 50 का दशक देखें, 60 का दशक देखें. कई बार हुआ है कि पाकिस्तान की सेना ने सरकार में दखल दिया है या फिर पॉवर को अपने हाथ में ले लिया है। मगर अभी ऐसा नहीं है क्यों कि भारत, अफगानिस्तान से पाकिस्तान को खतरा है। हमारी अर्थव्यवस्था चौपट हो गई थी, तो सेना हमारी मदद कर रही है। इसे मैं हाईब्रिड





गवर्नमेंट कहता हूं. असीम मुनीर मेरे बॉस नहीं हैं। वहीं बात अब पाकिस्तान की सेना की तो गाजा युद्ध अब लग रहा है कि पाकिस्तान में शुरू होने वाला है। पाकिस्तान की सरकार अपने फील्ड मार्शल असीम मुनीर की रणनीति पर अमेरिका की गोद में जा बैठी। उत्साहित होकर गाजा पीस बोर्ड में शामिल हो गई। पाकिस्तान में बवाल हुआ। विपक्ष से लेकर आम लोगों ने इसका विरोध किया पर असीम मुनीर नहीं माने। मुनीर नहीं माने तो शहबाज शरीफ कैसे मानते। सो, ये भी तय कर लिया कि पाकिस्तान की सेना को गाजा भेजा जाएगा। दो दिन पहले ही पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने फ्रांस 24 को दिए इंटरव्यू में साफ कर दिया कि पाकिस्तान अपने सैनिकों को गाजा भेजने के लिए तैयार है। ऐसे में नाराज होकर पाकिस्तान के पूर्व फौजियों की संस्था वेटरन्स ऑफ पाकिस्तान ने पाकिस्तानी फौजियों से बगावत की अपील कर दी है। उसने सैनिकों से अपील की है कि अल्लाह की नाफरमानी न करें और अपनी विरासत को कलंकित न करें। अपील में लिखा है, पाकिस्तान सेना के अधिकारियों और जवानों! आप इस पवित्र भूमि के संरक्षक हैं, जिसे शहीदों के खून और कायदे–आजम मोहम्मद अली जिन्ना के अटूट संकल्प से बनाया गया है। आप मात्र सैनिक नहीं हैं–आप पाकिस्तान के मुस्लिम राष्ट्र के धड़कते दिल हैं, जिन्हें अल्लाह ने इस्लाम, सम्मान और न्याय की रक्षा का दायित्व सौंपा है। मगर आज, आपके सामने एक बड़ा विश्वासघात मंडरा रहा है। गाजा के लिए ट्रंप के तथाकथित बोर्ड ऑफ पीस (शांति बोर्ड) में पाकिस्तान के नेतृत्व और संस्थानों की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संलिप्तता। इस बोर्ड में यहूदी और ईसाई साथ–साथ बैठकर अल–कुद्स के कब्जेदारों को वैधता दे रहे हैं, जबकि उत्पीड़ित फिलिस्तीनियों की असली आवाज को बाहर रखा गया है। अमेरिकी साम्राज्यवाद और यहूदी साजिश से पैदा हुई इस इकाई में पाकिस्तान की भागीदारी, इस्लाम के दुश्मनों से हाथ मिलाने के बराबर है। आपकी इस भागीदारी को न तो पाकिस्तानी और न ही मुस्लिम उम्माह (समुदाय) कभी भूलेगा और न ही माफ करेगा। वेटरन्स ऑफ पाकिस्तान ने आगे लिखा, इस गठबंधन को तुरंत और बिना शर्त खारिज करें! विश्वासघात के इस बोर्ड को अपनी पवित्र वर्दी, अपने हथियार, अपना खून या अपनी मूक सहमति भी न दें। कायदे–आजम की उस शाश्वत मांग पर अडिग रहें– एक ऐसा पाकिस्तान जो मुस्लिम गरिमा, संप्रभुता और कब्जे वाली जमीनों की मुक्ति के लिए बिना किसी समझौते के खड़ा हो – न कि पश्चिमी–यहूदी योजनाओं के मोहरे के रूप में. यदि मातृ संस्थान इस दबाव के आगे झुकता है और इस इस्लाम–विरोधी मंच पर यहूदियों और ईसाइयों से हाथ मिलाता है, तो राष्ट्र आपको न कभी भूलेगा और न ही माफ करेगा। हर सैनिक के मन में यह सबसे दर्दनाक सवाल उठेगा। एक सच्चा मुसलमान मस्जिद अल–अक्सा के उत्पीड़कों के पक्ष में लड़ते हुए या उन्हें सक्षम बनाते हुए शहादत कैसे पा सकता है? पूर्व फौजियों ने आगे लिखा, ष्अल्लाह कुरान में आदेश देता है– ऐ ईमान वालों! यहूदियों और ईसाइयों को अपना दोस्त (सहयोगी) न बनाओ. वे वास्तव में एक–दूसरे के दोस्त हैं। अल्लाह के स्पष्ट आदेशों के विरुद्ध मानवीय आदेशों को मानना स्वयं निर्माता के विरुद्ध विद्रोह है। इससे देश का मनोबल विनाशकारी रूप से गिर जाएगा। बैरकों और घरों में मोहभंग जंगल की आग की तरह फैल जाएगा। इसके परिणाम विनाशकारी होंगे. आगे मुनीर के लिए लिखा है, आप उस दिन अल्लाह के सामने जवाबदेह होंगे जब न दौलत काम आएगी और न ही ओहदा। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, इस रास्ते से तौबा करें। बोर्ड ऑफ पीस से पीछे हटें। बुद्धिमानी से चुनें–अन्यथा इतिहास के प्रकोप, अपने ही सैनिकों की नाराजगी और अल्लाह के कोप का सामना करें।

# कमान शृंखला को लेकर प्रश्न

देश के सामने असल सवाल वो ब्योरा है, जो जनरल नरावणे ने लद्दाख क्षेत्र में 2020 में हुई घटनाओं के बारे में दिया है। उन घटनाओं से भारतीय सेना के अंदर कमान शृंखला को लेकर प्रश्न उठे हैं।

पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरावणे की कथित रूप से अप्रकाशित किताब कैसे छपे रूप में और उसकी पीडीएफ कॉपियां आम लोगों तक पहुंच गईं, यह प्रकाशक पेंगुइन इंडिया के लिए अहम मसला हो सकती है, लेकिन देशवासियों के सामने यह मुख्य मुद्दा नहीं है। देश के सामने असल सवाल वो ब्योरा है, जो जनरल नरावणे ने 2020 में भारतीय सीमा के अंदर चीन की पैठ बनने और उसी क्रम में कैलाश रेंज में हुई घटना के बारे में दिया है। उन घटनाओं से भारतीय सेना के अंदर कमान शृंखला को लेकर प्रश्न उठे हैं। चूंकि उससे सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व सवालों के घेरे में आया है, तो कुछ दूसरे हलकों से जनरल नरावणे के कर्त्तव्य निर्वाह के रिकॉर्ड पर निशाने साधे गए हैं।

पूछा गया है कि जब मई– जून 2020 से चीनी सेना ने लद्दाख क्षेत्र में भारतीय इलाके में घुसपैठ की, तो उसे रोकने में भारतीय सेना क्यों नाकाम रही? उस दौरान खुद जनरल नरावणे के दिए कुछ बयानों का उद्धरण देते हुए कहा गया है कि तत्कालीन सेनाध्यक्ष ने चीनी कार्रवाइयों की गंभीरता की या तो उपेक्षा की अथवा उन्होंने उससे देश को नावाकिफ रखा। उधर जनरल नरावणे की किताब से संकेत मिलता है कि सेना को श्टॉप्य से बिना अनुमति के फायरिंग ना करने का निर्देश था। इसी बीच एक संकटपूर्ण मौका आया और तत्कालीन सेनाध्यक्ष ने दिशा–निर्देश मांगा, तो राजनीतिक नेतृत्व ने पहले तो लेट–लतीफी की और फिर उन पर डाल दिया गया कि जो उचित लगे उसे वे करें।

विशेषज्ञों के मुताबिक इस पूरे प्रकरण में युद्ध संबंधी टैक्टिकल, ऑपरेशनल, एवं स्ट्रेटेजिक निर्णय प्रक्रिया घालमेल का शिकार हो गई लगती है। चूंकि ये बात बहुचर्चित हुई है, तो भारत के श्दुश्मनोंय ने भी उस पर गौर किया होगा। इसलिए असल सवाल ऐसी कमजोरियों को तुरंत दूर करने का है। जरूरी यह है कि इस पर समग्र चर्चा हो और जवाबदेही की शृंखला तय की जाए। इसके विपरीत किताब कैसे सार्वजनिक हो गई, जैसे मुद्दे को योजनाबद्ध ढंग से तरजीह दी जा रही है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रकाशक के साथ–साथ पुस्तक लेखक भी इसमें सहयोगी बन गए हैं।

# पारदर्शिता से जवाबदेही की ओर: भारत की खाद्य सुरक्षा संरचना में एआई की भूमिका

संजीव चोपड़ा

पिछले एक दशक के दौरान, भारत ने अभूतपूर्व पैमाने पर अपनी खाद्य सुरक्षा संरचना का डिजिटलीकरण किया है। खरीद एवं भंडारण से लेकर परिवहन, वितरण और सब्सिडी के निपटारे तक, मूल्य श्रृंखला का हर चरण अब डिजिटल प्रणालियों द्वारा संचालित है। यह व्यवस्था निरंतर संचालन से जुड़े आंकड़े सृजित करने के साथ–साथ ही हर महीने लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों को सेवा प्रदान कर रही है। शासन संबंधी अगली चुनौती इस पारदर्शिता को प्रशासनिक जवाबदेही में बदलना है। सिर्फ दृश्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इस प्रणाली को पैटर्न की व्याख्या करने, जोखिमों को प्राथमिकता देने और समय पर प्रतिक्रिया देने में भी समर्थ होना चाहिए। इस बदलाव को देखते हुए, केन्द्र सरकार पूरी प्रणाली में निर्णय लेने की प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर रही है। खरीद प्रक्रिया के दौरान, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को कुटाई के बाद आपूर्ति किए गए चावल की गुणवत्ता का आकलन टूटे हुए दानों के प्रतिशत, अशुद्धियों और रंग में बदलाव जैसे निर्धारित मापदंडों के आधार पर दृश्य आधारित मूल्यांकन पर निर्भर करता है। बड़े पैमाने पर, मानवीय व्यक्तिपरकता के कारण नतीजे भिन्न हो सकते हैं। इसलिए, एआई से लैस स्वचालित अनाज विश्लेषक (एजीए) का उपयोग तस्वीर–आधारित विश्लेषण के जरिए इन मापदंडों का आकलन करने हेतु किया जा रहा है। माप को मानकीकृत और व्यक्तिपरकता को कम करके, ये प्रणालियां मौजूदा खरीद मानदंडों के भीतर काम करते हुए गुणवत्ता के सत्यापन में निरंतरता को बेहतर बना रही हैं। एफसीआई और सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन (सीडब्ल्यूसी) द्वारा संचालित भंडारण केन्द्रों में, निगरानी को मजबूत करने हेतु आईओटी–आधारित निगरानी प्रणालियों की शुरुआत की जा रही है। सेंसर तापमान, आर्द्रता, फॉस्फीन और कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर को मापते हैं, जबकि एआई से लैस कंप्यूटर विजन टूल स्वचालित तरीके से बोरियों की गिनती और स्टॉक के सत्यापन में सहायता करते हैं। ये प्रणालियां माल–सूची (इन्वेंट्री) और पर्यावरणीय स्थितियों से संबंधित निरंतर आंकड़े सृजित करती हैं। डीएफपीडी के वेयरहाउस ग्रेडिंग प्लेटफॉर्म, डिपो दर्पण के साथ एकीकृत, इस आंकड़े का विश्लेषण प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स का उपयोग करके खराब होने के जोखिम, स्टॉक संबंधी विसंगतियों या अनुपालन की कमियों से जुड़े पैटर्न की पहचान करने हेतु किया जा सकता है ताकि शीघ्र और अपेक्षाकृत अधिक जोखिम–आधारित पर्यवेक्षण से जुड़ी कार्रवाई संभव हो सके। खाद्यान्नों की आवाजाही के दौरान, मार्ग अनुकूलन उपकरणों (श्अन्न चक्रय) का उपयोग करके जहां परिवहन की योजना बनाई जाती है, वहीं व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम (वीएलटीएस) ट्रक की आवाजाही से जुड़े वास्तविक समय में जीपीएस आधारित आंकड़े सृजित करते हैं। राज्यों ने मार्ग अनुकूलन के जरिए लगभग 238 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत की है। मार्ग संबंधी योजना भले ही व्यवस्थित है, लेकिन राज्यों में हजारों यात्राओं की निगरानी करना परिचालन संबंधी चुनौतियां पेश करता है। आवागमन संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करने और बार–बार होने वाले मार्ग विचलन, असामान्य देरी या असामान्य ठहराव को चिह्नित करने के उद्देश्य से एआई–आधारित पैटर्न का पता लगाने और विसंगति की पहचान करने की योजना बनाई जा रही है। ये विश्लेषण निगरानी को मजबूत कर रहे हैं और परिवहन संचालन के अपेक्षाकृत अधिक केन्द्रित सत्यापन को संभव बना रहे हैं। वितरण वाले चरण में, राज्यों द्वारा रखे गए लाभार्थियों के रिकॉर्ड को स्मार्ट–पीडीएस प्लेटफॉर्म के तहत समेकित किया जाता है। इससे राशन कार्डों का एक एकीकृत राष्ट्रीय भंडार तैयार होता है। यही नहीं, इससे राज्य द्वारा परिभाषित मानदंडों के तहत संभावित रूप से अपात्र कार्डों की पहचान करने हेतु अन्य सरकारी डेटाबेस के साथ सत्यता की पुष्टि (क्रॉस–वेरिफिकेशन) भी संभव हो पाती है। अब तक, इस तरह के सत्यापन के जरिए 8.51 करोड़ राशन कार्डों को चिह्नित किया गया है। इनमें से 2.18 करोड़ कार्डों को राज्य सरकारों द्वारा उचित प्रक्रिया के बाद हटा दिया गया है। हालांकि नामों, पतों, आधार सीडिंग और परिवार की संरचना में विसंगतियां बड़े पैमाने पर नियम–आधारित जांच की प्रभावशीलता को सीमित कर सकती हैं। संभावित नकल, संबंधित पहचानों या परिवारों के असामान्य पुनर्गठन की पहचान करने हेतु मशीन लर्निंग पर आधारित आंकड़ों के मिलान की तकनीकों का उपयोग करने की योजना बनाई जा रही है। इसके परिणामस्वरूप प्राप्त होने वाले जोखिम संबंधी संकेत राज्यों द्वारा लक्षित सत्यापन में सहायता करेंगे, जिससे मौजूदा पात्रता संबंधी मानदंडों के भीतर सटीकता बेहतर होगी। लाभार्थियों की शिकायतें सेवाओं की आपूर्ति और अनाज की गुणवत्ता के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देती हैं। शिकायत दर्ज कराने हेतु कई साधन (ऑनलाइन पोर्टल, कॉल सेंटर, व्हाट्सएप और आईवीआरएस सहित) मौजूद हैं, लेकिन शिकायतों की संख्या और भाषाई विविधता के कारण समय पर उनका निपटान और समाधान करना मुश्किल हो जाता है। सरकार ने अन्न सहायता होलिस्टिक एआई सॉल्यूशन (आशा) शुरू किया है, जो बहुभाषी वॉयस आउटरीच और एआई–आधारित विश्लेषण का उपयोग करके लाभार्थियों से व्यवस्थित प्रतिक्रिया एकत्र करता है। स्वचालित वर्गीकरण और भावनाओं के विश्लेषण प्रशासकों के लिए डैशबोर्ड तैयार करते हैं, जिससे प्राथमिकता के निर्धारण और प्रतिक्रिया में लगने वाले समय में सुधार होता है। आशा वर्तमान में प्रति माह लगभग 20 लाख लाभार्थियों तक पहुंचती है और पूरे देश में इसका विस्तार किया जा रहा है।

अंत में, राज्य सरकारें खरीद लागत घटकों से संबंधित सहायक दस्तावेजों के साथ एनएफएसए के लिए सब्सिडी दावे (स्कैन) पोर्टल के जरिए सब्सिडी संबंधी दावों को प्रस्तुत करती हैं। प्रारूप और चेकलिस्ट भले ही मानकीकृत हैं, लेकिन अपूर्ण, बेमेल या अस्पष्ट दस्तावेज के कारण जांच और प्रतिपूर्ति में देरी हो सकती है। दस्तावेजों की प्रासंगिकता, डेटा की निरंतरता और अपलोड की स्पष्टता की पुष्टि करने हेतु एआई–आधारित दस्तावेज सत्यापन और गुणवत्ता मूल्यांकन का उपयोग किया जा रहा है। इससे बार–बार की पूछताछ कम होती है और दावों के निपटारे की प्रक्रिया में दक्षता और निरंतरता बेहतर होती है।

भारत की खाद्य सब्सिडी संरचना ने डिजिटलीकरण के जरिए पहले ही बर्बादी को कम कर दिया है। अगला बदलाव जवाबदेही में निहित है। खरीद, भंडारण, परिवहन, वितरण और दावों के निपटान की प्रक्रिया में एआई को शामिल करके, यह प्रणाली जोखिमों का शीघ्र पता लगाने, त्रुटियों को तेजी से सुधारने और लाभार्थियों को उनका हक समय पर दिलाने में अधिक समर्थ हो जाती है। कुल 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले इस कार्यक्रम में, अधिक जवाबदेही कोई मामूली सुधार नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा ढांचे की संरचनात्मक मजबूती का प्रतीक है।

(लेखक खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव हैं)

# अपहरण में शामिल गैंगस्टर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर । अभिनेता मुश्ताक खान और सुनील पाल का अपहरण करके फिरौती वसूलने में शामिल रहे आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। अब दो आरोपियों को गिरतार कर लिया गया है। शहर कोतवाली पुलिस ने रविवार को अर्जुन कर्णवाल निवासी मौहल्ला बुल्ला का चौराहा और शुभम निवासी मौहल्ला चमरपेड़ा को गिरतार करने के बाद चालान कर दिया गया। बता दें कि पिछले दिनों शहर कोतवाल रामप्रताप ने लवी उर्फ सुशांत उर्फ हिमांशु निवासी नई बस्ती, आकाश उर्फ गोला उर्फ दीपेंद्र निवासी नई बस्ती, सार्थक चौधरी उर्फ रिक्की निवासी रम्मू का चौराहा, अंकित उर्फ पहाड़ी निवासी राम का चौराहा, अर्जुन कर्णवाल निवासी बुल्ला का चौराहा, अजीम अहमद निवासी मोहल्ला कस्साबान, सबुद्दीन उर्फ सैबी निवासी मुहल्ला अजारजान, शुभम और शिवा निवासी नई बस्ती चमरपेड़ा तथा गाजियाबाद के जनकपुर निवासी शशांक के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया था। आरोप था कि इनका एक संगठित गिरोह है, जिनका गैंग लीडर सार्थक उर्फ रिक्की चौधरी है। ये आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए संगठित रूप से गिरोह बनाकर अपहरण और फिरौती जैसे अपराध में लिप्त हैं। इनके अपराधों का विवरण गैंग चार्ट में लिखा हुआ है।

# खस्ताहाल मार्ग को चार लेन वाला बनाने की मिली स्वीकृति

न्यूज वाणी ब्यूरो/ बिजनौर । ( नजीबाबाद ) नगर के आजाद चौक से हरिद्वार मार्ग स्थित झंडा चौक तक खस्ताहाल मार्ग को चार लेन वाला बनाने की स्वी.ति मिल गई है। विधायक तसलीम अहमद ने इस महत्वपूर्ण परियोजना की जानकारी दी। इसके साथ ही बड़िया–जट्टीवाला पुल और बारह अन्य सड़कों के निर्माण को भी मंजूरी मिली है। आजाद चौक से तीन कक्षीय न्यायालय होते हुए झंडा चौक तक 1700 मीटर लंबा यह मार्ग चार लेन वाला बनेगा। विधायक तसलीम अहमद ने बताया कि उन्होंने विधानसभा और लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान के समक्ष मार्ग निर्माण की मांग उठाई थी। शासन ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से इस चार लेन वाले राजमार्ग निर्माण को स्वी.ति प्रदान की है। विधायक ने मीडिया को स्वी.ति पत्र भी दिखाया। उन्होंने कहा कि यह चार लेन वाला मार्ग बनने से क्षेत्रीय जनता को बड़ी राहत मिलेगी। लंबी दूरी के वाहनों को भी आवागमन में सुगमता होगी। इससे यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा और यात्रा का समय भी कम होगा। यह परियोजना क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# जमानिया तहसील बार में हते में एक दिन लगेगा स्वास्थ्य शिविर, वकीलों की होगी नियमित जांच

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जमानिया तहसील बार एसोसिएशन के पहल पर जिला जज के माध्यम से अब तहसील परिसर में में सप्ताह में एक दिन सामुदायिक



स्वास्थ्य केन्द्र बरुइन और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ रूद्रकांत सिंह ने बताया कि सप्ताह में एक दिन डॉक्टरों की टीम कोर्ट में अधिवक्ताओं की जाँच होगी, जिसमें सभी प्राथमिक उपचार और जाँच की जाएगी। न्यायधिकारीध्न्यायिक मजिस्ट्रेट ग्राम न्यायालय जमानिया अमित यादव ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को इस सम्बंध में वकीलों से मिलकर सीघ्र सेवा देने को कहा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता जयप्रकाश,सचिव मुनेश कुमार, उदयनारायण सिंह अरविंद कुमार राय, जय बहादुर त्रिपाठी, संजय, घनश्याम सिंह ने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रूद्रकांत सिंह और डॉ घनश्याम से बात की और कहा कि जल्द ही जमानिया बार मे चिकित्सा सेवा सुरु की जाए जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने पूर्ण आश्वासन दिया और कहा कि सीघ्र ही जमानिया तहसील बार मे चिकित्सा सेवा सुरु की जाएगी,यह सेवा सप्ताह में एक दिन होगी।

# सिधौली: अपमान और आठ माह के बकाया मानदेय को लेकर रोजगार सेवकों का हल्ला बोल

## -अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पर प्रताड़ना का आरोपय एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, अनिश्चितकालीन धरना शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली (सीतापुर)। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद अंतर्गत सिधौली विकास खंड में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब ब्लॉक के समस्त ग्राम रोजगार सेवकों ने कामकाज ठप कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। यह विरोध प्रदर्शन अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (।च्व्) के कथित तानाशाही रवैये, अभद्र व्यवहार और पिछले आठ महीनों से रुके हुए वेतन की मांग को लेकर किया जा रहा है। अपमानजनक भाषा और मानसिक दबाव के आरोप प्रदर्शनकारी रोजगार सेवकों का सीधा आरोप है कि विकास खंड में तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी कर्मचारियों के साथ आए दिन अपमानजनक भाषा का प्रयोग करती हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अधिकारियों द्वारा अनावश्यक रूप से मानसिक दबाव बनाया जाता है, जिससे फील्ड में काम करना दूभर हो गया है। ष्हम शासन की योजनाओं को पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतार रहे हैं, लेकिन बदले में हमें सिर्फ प्रताड़ना और अपमान मिल रहा है।ष . प्रदर्शनकारी रोजगार सेवक आठ महीने से वेतन का इंतजार धरने पर बैठे कर्मचारियों ने अपनी आर्थिक बदहाली का जिक्र करते हुए बताया कि उन्हें पिछले 8 माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। आर्थिक तंगी के बावजूद वे कार्य कर रहे थे, लेकिन अब सम्मान और पेट की लड़ाई को लेकर वे पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी सोमवार को बड़ी संख्या में रोजगार सेवक तहसील मुख्यालय पहुंचे और एसडीएम न्यायिक को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है किरू यदि समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ, तो पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया जाएगा। जांच होने तक धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। प्रदर्शन में मौजूद प्रमुख चेहरा ब्लॉक कार्यालय परिसर में चल रहे इस धरने का नेतृत्व रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष अशोक मिश्र कर रहे हैं। इस दौरान कौशलेंद्र शर्मा, दिवाकर प्रसाद, अजीज अहमद, राजू लाल, अश्वनी कुमार, राजकुमार, धर्मेंद्र, संजय और अनिल कुमार सहित भारी संख्या में रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

# कटरा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने वित्त मंत्री व सांसद को रेलवे फाटक बंद किये जाने की समस्या को लेकर ज्ञापन दिया

## -निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के चलते रेलवे फाटक बंद किए जाने को लेकर क्षेत्र वासियों व ग्रामीण वासियों में भारी रोष व्याप्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

शहजहांपुर मीरानपुर कटरा । न्यूजवाणी से अनुराग अरुण कोल्ड स्टोरेज एंड एग्रो इंडस्ट्रीज का उद्घाटन करने आए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व सांसद अरुण कुमार सागर को आज कटरा उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के व्यापारियों ने रेलवे फाटक को बंद करने पर उत्पन्न हुई समस्याओं के बारे में ज्ञापन सौंपा है।व्यापारियों ने बताया कि रेलवे फाटक संख्या 342 पर ओवर ब्रिज निर्माणाधीन है।ओवर ब्रिज चालू होने तक रेलवे फाटक से आवागमन को पूर्णतः बंद कर दिया गया है। उखली रोड का रेलवे फाटक



बंद होने से खुदागंज रोड और व सैकड़े ग्रामीण वासियों का आवागमन बंद हो गया है। जिसमें बीमार मरीजों व छात्राओं को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। लगभग एक सैकड़ा से अधिक गांव की विशाल आबादी का कटरा से सीधा आवा गमन बंद हो गया है।आवागमन के लिए मर्सेना रेलवे फाटक व हुलास नगला रेलवे फाटक से लगभग 15 से 20 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है जिसमें भारी असुविधा हो रही है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनूप अग्रवाल राम प्रकाश गुप्ता अमर गुप्ता विनोद वर्मा पुनीत गुप्ता विशाल गुप्ता प्रभु दयाल वर्मा अमित गुप्ता आदि ने वित्त मंत्री एवं सांसद को ज्ञापन देते हुए फाटक नंबर 342 पर निर्माण धीन ओवर ब्रिज का कार्य शीघ्र पूरा करवाने व कसरक रेलवे ओवर ब्रिज काम पूरा होने तक उखली रोड स्थित 341 फाटक संख्या को आवागमन के लिए खुला रखने की मांग की है। वही उखरी पिपरी ग्राम के दर्जनों ग्रामीणों ने रेलवे मंडल मुरादाबाद के नाम ज्ञापन कटरा स्टेशन प्रभारी मोहम्मद हनीफ को सौप है

# खैराबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर संपन्न

## -सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक का अच्छा इलाज हो डॉक्टर विजय कुमार सिंह

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर।, स्थानीय जवाहरपुर शुगर मिल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर के आदेशानुपालन के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी एक भव्य शिविर का आयोजन किया गया है जाए आर वी एस के टीम के द्वारा मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें उचित परामर्श के अलावा दवाइयां भी दी गईं आर वी एस के टीम में डॉक्टर शिवानी टंडन, डॉक्टर विजय कुमार सिंह तथा जया तिवारी ने मरीजों की कायदे से जांच की और उचित परामर्श भी दिया गया। फैमिली काउंसलर श्रीमती फातमा के द्वारा एच आई वी, एड्स, और यौन सम्बन्धी बीमारियों के बारे में उचित जानकारी दी गई । स्वास्थ्य पर्यवेक्षण गीता सिंह व मीना कुमारी, के द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व की जांचें की गई, फैमिली काउंसलर गीता सिंह द्वारा परिवार नियोजन प्रदर्शनी का प्रचार प्रसार भी किया गया जबकि एल टी अमित कुमार के द्वारा टी बी, हेपेटाइटिस बी और सी तथा एच आई वी, मधुमेह की उचित जांचें की गई जिसमें जिला अस्पताल की टीम के द्वारा भी सहयोग किया गया जिसमें उदय प्रताप सिंह, नवीन चंद्र दीक्षित,और रजनीश कुमार वर्मा एवं संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर डॉक्टर विजय कार ने कहा कि सरकार



की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए और उसका अच्छे से अच्छा इलाज हो सके जबकि डॉक्टर शिवानी टंडन ने कहा कि अक्सर महिलाएं अपनी बीमारियों को छिपा लेती हैं जिनसे उन्हें बाद में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है इस लिए चाहिए कि आप सभी जागरूक रहिए और समय रहते अच्छा और उचित इलाज करवाइए।इस अवसर पर कुल 93 रोगियों की जांच की गई जिसमें टी बी, हेपेटाइटिस बी , एच आई वी,शुगर तथा ए एन सी के 93 मरीज देखे गए।

# सीडीओ के औचक निरीक्षण से खैराबाद ब्लॉक में मचा हड़कंप, बड़ी कार्रवाई के संकेत

## –अव्यवस्थाओं पर बिफरे मुख्य विकास अधिकारीय फाइलों के रख–रखाव और उपस्थिति में मिली भारी कमियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद के विकास कार्यों को रतार देने और सरकारी तंत्र में अनुशासन बनाए रखने के लिए मुख्य



विकास अधिकारी (ब्क्व्) ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। सोमवार को खैराबाद विकासखंड कार्यालय में सीडीओ के अचानक पहुँचने से ब्लॉक परिसर में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को देखते हुए अब संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। निरीक्षण में खुली पोलरू न कर्मचारी मिले, न फाइलें दुरुस्त सीडीओ ने ब्लॉक कार्यालय के प्रत्येक पटल का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदु चर्चा का विषय रहेरू गायब मिले कर्मचारीरू निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी अपनी सीटों से नदारद पाए गए, जिस पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। अस्त–व्यस्त मिला रिकॉडर्रू सरकारी फाइलों के रखरखाव में भारी लापरवाही देखने को मिली। महत्वपूर्ण दस्तावेज व्यवस्थित ढंग से नहीं रखे गए थे। योजनाओं में सुस्तीरू सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और उनकी प्रगति रिपोर्ट की जांच करने पर जमीनी हकीकत दावों से अलग मिली। कार्यालय में अनुशासनहीनता और सरकारी कार्यों में शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी कमियां पाई गई हैं, उन पर जवाब मांगा गया है और जल्द ही सख्त प्रशासनिक कदम उठाए जाएंगे।ष . मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर स्पष्टीकरण तलबरू जल्द गिर सकती है गाज सूत्रों की मानें तो सीडीओ ने इन अनियमितताओं को बेहद गंभीरता से लिया है। संबंधित पटल सहायकों और खंड विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच और वेतन रोकने जैसी बड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। इस औचक निरीक्षण के बाद से जनपद के अन्य विकासखंडों में भी खलबली मची हुई है। अब देखना यह है कि इस कार्रवाई के बाद ब्लॉक की कार्यप्रणाली में कितना सुधार आता है।

# हिंद हॉस्पिटल की 'दबंगई' से कराह रहे किसान: नहर का गला घोंटकर किसानों को कंगाल बनाने की बड़ी साजिश

## –अटरिया रसूख के आगे नतमस्तक प्रशासन? नहर के प्रवाह पर जड़ा लोहे का जाल, प्यासी रह गई दर्जनों गांवों की जमीन

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया–सीतापुर। जनपद के सिधौली विकासखंड अंतर्गत अटरिया नेशनल हाईवे पर स्थित शहिंद हॉस्पिटलश प्रशासन पर सरकारी संसाधनों के साथ खिलवाड़ और किसानों के हक पर डाका डालने का गंभीर आरोप लगा है। मऊ ग्राम के समीप स्थित इस रसूखदार अस्पताल प्रबंधन ने न केवल नियमों को ताक पर रखा है, बल्कि टिकौली माइनर से आने वाली नहर के प्रा.तिक जल प्रवाह को लोहे की मोटी जालियां लगाकर पूरी तरह बाधित कर दिया है। बाउंड्रीवॉल और लोहे की जालियांरू विकास या विनाश? जानकारी के अनुसार, अस्पताल प्रशासन ने अपनी बाउंड्री करने के बाद नहर के ऊपर लोहे की मजबूत जालियां लगा दी हैं। यह रुकावट इतनी घातक है कि नहर का पानी पूर्ण रूप से आगे बढ़ ही नहीं पा रहा। इसके परिणामस्वरूप नहर के अंतिम छोर पर बसे गुलरिया, कबरन, हीरपुर, रघुनाथपुर और मंदनापुर जैसे दर्जनों गांवों के किसानों के खेतों तक नहीं पहुंच रहा समुचित पानी ष्एक तरफ सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करती है, वहीं दूसरी तरफ हिंद हॉस्पिटल जैसे संस्थान किसानों को दाने–दाने के लिए मोहताज बना रहे हैं।ष . आक्रोशित स्थानीय किसान बंजर जमीन और जमीन हड़पने का श्मास्टर प्लानश! स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह महज एक लापरवाही नहीं, बल्कि एक सोची–समझी रणनीतिक साजिश है। जब नहर का पानी नहीं पहुंचेगा, तो किसानों की उपजाऊ भूमि बंजर हो जाएगी। पैदावार न होने से हताश होकर किसान औने–पौने दामों पर अपनी जमीन बेचने को मजबूर होंगे, जिसे हिंद प्रशासन आसानी से खरीद कर अपना विस्तार कर सकेगा। आरोप तो यह भी है कि रसूख के बल पर वर्षों पहले इस नहर का प्रा.तिक रास्ता तक बदलवा दिया गया था। दोहरा कानूनरू आम आदमी पर बुलडोजर, रसूखदार को संरक्षण? क्षेत्र में चर्चा का विषय यह है कि यदि कोई आम नागरिक अपने घर के सामने नहर पर छोटा सा पत्थर भी रख दे, तो नहर विभाग




तुरंत श्अवैध अतिक्रमणश का नोटिस थमा देता है और बुलडोजर चलवा देता है। हाल ही में अटरिया–बनाऊंगा मार्ग पर ऐसी कई कार्रवाइयां देखने को मिलीं। लेकिन सवाल यह उठता है किरू इतने बड़े पैमाने पर नहर का बहाव रोकने वाले हिंद अस्पताल पर विभाग मौन क्यों है? क्या सिंचाई विभाग के नियम सिर्फ गरीबों के लिए हैं? अस्पताल के रसूख के आगे प्रशासन की फाइलें क्यों दबी हुई हैं? प्रशासन की चुप्पी पर उठते सवाल नहर का गला घोंटे जाने से हजारों बीघा .षि योग्य भूमि अब रेगिस्तान बनने की कगार पर है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नहर को अतिक्रमण मुक्त कर जल प्रवाह सुचारू नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अब देखना यह है कि क्या जिला प्रशासन इन श्सफेदपोशोंश पर नकेल कसता है या फिर किसानों की किस्मत को बंजर होने के लिए छोड़ दिया जाएगा।

# सुसाइड नोट में बीमारी से परेशान होने की बात लिखकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर । ( नगीना ) किडनी की बीमारी से तंग आकर ग्राम पटपड़ा निवासी किसान बृजेश कुमार (46) ने पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी जेब से मिले सुसाइड नोट में बीमारी से परेशान होने की बात लिखी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसान के शव को पेड़ से नीचे उतारा। क्षेत्र के निकटवर्ती गांव रामपुर दास उर्फ पटपड़ा में ग्रामीणों ने रविवार की सुबह करीब नौ बजे पुलिस को बताया कि गांव में स्थित आम के बाग में एक पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। मृतक की पहचान गांव के किसान बृजेश कुमार पुत्र रोहिताश कुमार के रूप में हुई। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला है, जिसमें उसने अपनी बीमारी से तंग आकर आत्महत्या करने का जिक्र किया है। मृतक अपने पीछे पत्नी व दो छोटे बेटों को छोड़ गया है। उसके पास मात्र 10 बीघा जमीन है। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। उसने अपनी दोनों किडनी खराब होने की वजह से आत्महत्या करने की बात कही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# युवक पर धारदार हथियार से किए कई वार, युवक गंभीर रूप से घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर । ( कोतवाली देहात ) थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर निजाम में विकास ने शनिवार रात संजीव पुत्र महेंद्र पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक के चेहरे, शरीर पर लोहे की चापड़ से करीब 20 से भी अधिक वार किए गए। युवक की दो उंगलियां तथा एक हाथ की कलाई कट गई। मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी विकास को गिरतार कर लिया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजीव शनिवार देर रात्रि बिलाई चीनी मिल के रास्ते से अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह गांव के पास निपेंद्र सिंह के खेत के पास पहुंचा तो पहले से ही घात लगाए बैठे गांव के विकास ने साथी के साथ उस पर हमला कर दिया। विकास ने लोहे के चापड़ से संजीव के चेहरे, हाथ तथा शरीर पर ताबड़तोड़ वार किए। घटना में संजीव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने नहर में कूदकर जान बचाई तथा गंभीर हालत में घर पहुंच गया। परिजन संजीव को जिला अस्पताल ले गए, जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। मेरठ में संजीव की हालत चिंताजनक बनी हुई है। संजीव के चाचा मलखान सिंह ने गांव के हेमेंद्र उर्फ गुड्डू पर साजिश करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी विकास, हेमेंद्र उर्फ गुड्डू तथा एक अज्ञात के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। विकास अविवाहित है तथा गांव के बाहर झोपड़ी डालकर रहता है। उसने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पूर्व संजीव से उसकी कहासुनी हुई थी। इसी के चलते उसने संजीव पर हमला किया।

# फिर एक एक्सीडेंट ने ली परिवार के कई लोगों की जान

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर । ( नजीबाबाद ) रायपुर सादात मार्ग पर भारत गैस एजेंसी के पास रविवार शाम तेज रतार कार ने ई–रिक्शा और मोपेड में टक्कर मार दी। हादसे में मोपेड सवार बढ़ापुर निवासी राजू (50) और राजू की बेटी अंशू (25) तथा राजकुमार (32) निवासी गांव भदौला की मौत हो गई। इस हादसे में ई–रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। रविवार शाम कोटकादर गांव निवासी ई रिक्शा चालक धर्म सिंह (24) नजीबाबाद से अपने गांव लौट रहा था। रास्ते में ई–रिक्शा में खराबी आई तो उसमें सवार राजकुमार (32) निवासी गांव भदौला धक्का लगाने लगा। ई–रिक्शा भारत गैस एजेंसी के पास पहुंची तो सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। साथ ही पीछे से आ रही मोपेड भी कार की चपेट में आ गई। हादसे में ई–रिक्शा में धक्का लगा रहे राजकुमार और मोपेड सवार राजू और उसकी बेटी अंशू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ई रिक्शा चालक धर्म सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। उधर हादसे की खबर मिलते ही सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह अस्पताल में पहुंचे और जानकारी ली।

# बजी शहनाई, 95 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। । विकास खण्ड मोहनलालगंज स्थित गौरा रिजॉर्ट में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत 95 जोड़ों का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप



प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मोहनलालगंज के विधायक अमरेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य तथा ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। विवाह गीतों एवं सांस्‍तिक कार्यक्रमों के बीच पुरोहितों ने विधि–विधान से सभी जोड़ों के विवाह संस्कार पूर्ण कराए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्वयं नवविवाहित जोड़ों के पास जाकर कन्यादान की रस्म निभाई तथा वर–वधुओं को आशीर्वाद एवं उपहार प्रदान किए। समारोह में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला। मुख्य अतिथि विधायक अमरेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र कन्याओं के खातों में 60 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से तथा 25 हजार रुपये की वैवाहिक उपहार सामग्री प्रदान की जाती है। वहीं आयोजन की व्यवस्थाएं समाज कल्याण विभाग द्वारा की जाती हैं। विधायक ने नवविवाहित जोड़ों को नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जानकारी दी कि वार्षिक 3 लाख रुपये आय सीमा के अंतर्गत जीवन–यापन करने वाले परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं का विवाह योजना के तहत कराया जाता है। पात्रता की जांच ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से की जाती है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, पूर्व विधायक चंदा रावत, वीरेंद्र प्रताप सिंह (चेयरमैन, जिला सहकारी बैंक), अजीत कुमार सिंह (जिला विकास अधिकारी), खंड विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# संत गाडगे महाराज जयंती पर सपा कार्यालय में श्रद्धांजलि, जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने किया नमन

## –गरीबों और वंचितों की सेवा में समर्पित था गाडगे महाराज का जीवन – प्रदीप शाक्य बबलू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। स्वच्छ भारत अभियान के प्रणेता एवं मानवता के महान उपासक संत गाडगे महाराज की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संत गाडगे महाराज



के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने अपना पूरा जीवन दलितों, गरीबों और वंचितों की सेवा में समर्पित कर दिया। वे हाथ में झाड़ू लेकर गांव–गांव स्वच्छता अभियान चलाते थे और लोगों को स्वच्छता, समानता और मानवता का संदेश देते थे। उन्होंने संत गाडगे महाराज के जीवन और उनके समाज सुधार कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव, लखन सिंह जाटव, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, जिला सचिव राजकुमार यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गंगाराम कुशवाहा, युवजन सभा के जिला अध्यक्ष आदित्य गोविंद यादव, सपा नेता संतोष कुमार राजपूत, सपा नेत्री नम्रता सिंह दोहरे, हुकुम सिंह यादव, नरेंद्र प्रजापति, अंकुर यादव, शरद प्रताप सिंह, उम्मेद पुष्कर सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संत गाडगे महाराज के बताए मार्ग पर चलने और समाज सेवा के लिए संकल्प के साथ किया गया।

# इटावा में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का भंडाफोड़, विदेशी महिला समेत तीन हिरासत में

## -पांच घंटे चली संयुक्त छापेमारी में मैनेजर गिरफ्तार, वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित स्टेशन बजरिया में संचालित हो रहे होप डायमंड स्पा सेंटर पर अवैध देह व्यापार की शिकायत मिलने पर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी मूल की केन्या निवासी एक महिला सहित कुल तीन महिलाओं को हिरासत में लिया है, जबकि स्पा सेंटर के प्रबंधक को गिरतार कर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया गया है कि कानपुर निवासी एक युवती ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि स्पा सेंटर संचालक द्वारा उस पर जबरन अवैध गतिविधियां करने का दबाव बनाया जा रहा था तथा विरोध करने पर उसके साथ गाली–गलौज और मारपीट की गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय एवं नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में सिविल



लाइंस, कोतवाली और महिला थाना पुलिस, फोरेंसिक टीम तथा स्थानीय अभिसूचना इकाई की संयुक्त टीम ने स्पा सेंटर पर छापा मारा। करीब पांच घंटे तक चली छापेमारी के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे। जांच में पाया गया कि स्पा सेंटर में कार्यरत केन्या देश की महिला के संबंध में संचालक द्वारा न तो स्थानीय थाने को सूचना दी गई थी और न ही स्थानीय अभिसूचना इकाई को अवगत कराया गया था। इसके अलावा विदेशी नागरिक से संबंधित आवश्यक प्रपत्र भी नहीं भरे गए थे। छापेमारी के दौरान स्पा सेंटर संचालक वस्तु एवं सेवा कर से संबंधित प्रपत्र, लाइसेंस तथा स्पा संचालन से जुड़े अन्य कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्पा सेंटर के प्रबंधक को गिरतार कर लिया और उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। वहीं हिरासत में ली गई तीनों महिलाओं को आवश्यक कार्रवाई के बाद वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है। पुलिस और प्रशासन की इस बड़ी कार्रवाई से शहर में संचालित अन्य स्पा सेंटरों और होटलों के संचालकों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डी0पी0 सिहं रवि नवनियुक्तबसपा जिलाअध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

## बसपा ही मुस्लिमो की सच्ची हितेषी,-नाजिम अल्वी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर । ( नजीबाबाद ) बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में भागुवाला में बसपा नेता एडवोकेट अबरार आलम के आवास पर अशोक कुमार सैक्टर अध्यक्ष की अधयक्षता व सुरेश रवि के



संचालन बैठक आयोजित की गई द्यबैठक में बूथो के गठन का कार्य एवं बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों को पार्टी से जोड़ा गया एवं प्रदेश में चार बार बसपा की सरकार में मुस्लिम समाज व सर्वसमज के लिए किए गए कार्यों को विस्तार से बताया गया द्यऔर दो बूथो के गठन का कार्य किया गया द्य 2027 में बहन कुमारी मायावती जी को पांचवी बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। साथ ही साथ नव नियुक्त जिला अध यक्ष भाई डी०पी ०सिंह रवि जी का फूल माला से जोरदार स्वागत किया गया । बैठक में डी0पी0सिंह रवि (जिला अध्यक्ष )अबरार आलम एड0, मंडल प्रभारी मुस्लिम भाईचारा कमेटी नाजिम अल्वी,रोहतास सिंह ,नरेंद्र कुमार रवि (विधानसभा क्षेत्र प्रभारी) व जसवंत सिंह, सुरेश कुमार रवि (विधानसभा अध्यक्ष) डॉ० कलवा विश्वकर्मा (विधानसभा महासचिव) इतखार उर्फ भूरे (विधानसभा उपाध्यक्ष) नेतराम सिंह (विधानसभा सचिव) एवं पूर्व मंडल प्रभारी नंदराम प्रजापति जी, भाईचारा कमेटी पिछड़ा समाज के जिला संयोजक विजेंद्र कश्यप , नासिर सैफी सुरेंद्र सिहं पूर्व प्रभारी ,टीकम सिहं कश्यप,सुनील,केला सिहं,महमूद आलम सदर, तसलीम अंसारी,असगर अंसारी मौ0 फारुक,रिहान,नाजिम नसीम,नौशाद अंम्बानी,जमीरुद्दीन,जाकिर आबिद अंसारी,शहिद, सलमान,हनीफ अंसारी,अलीम, सैफ अली,डा0रतन संजीव कुमार,हरि प्रकाश मौर्य अजेंद्र कुमार, जसराम सिंह ,चमन सिंह रविंद्र सिंह कुलबीर सिंह गुरबचन सिंह रतिराम सिंह चंद्रपाल सिंह प्रवीण बौद्ध कुलबीर सिंह गजराज सिंह रतिराम गुड्डू आदि एवं बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे ।

# प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या का खुलासा, वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

## -तमंचा व ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद, रेलवे ट्रैक पर मिला था शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना इकदिल क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिले युवक के शव के मामले



में इटावा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रेम प्रसंग में हुई हत्या के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरतार कर उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त अवैध तमंचा, खोखा कारतूस और ट्रैक्टर–ट्रॉली बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना भरथना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम द्वारा की गई जांच में सामने आया कि दिनांक 19/20 फरवरी 2026 की रात थाना इकदिल क्षेत्र के डीएफसी रेलवे ट्रैक पर मिले अज्ञात शव की पहचान मनीष यादव पुत्र राजवीर सिंह निवासी नगला बंधा, थाना भरथना के रूप में हुई थी। मृतक की गुमशुदगी 18 फरवरी को थाना भरथना में दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान पता चला कि मृतक का सह अभियुक्त अभिषेक यादव की बहन से प्रेम संबंध था, जिससे नाराज होकर अभियुक्तों ने साजिश रची। योजना के तहत 18 फरवरी को अभियुक्तों ने मनीष को लिट देने के बहाने कार में बैठाया और इकदिल क्षेत्र के सुनसान स्थान पर ले जाकर गाली–गलौज और मारपीट के बाद तमंचे से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को ट्रैक्टर–ट्रॉली में रखकर रेलवे ट्रैक पर डाल दिया और फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ओमशरण उर्फ विपिन यादव पुत्र हृदयराम निवासी मानिकपुर भीखन, थाना इकदिल को गिरतार कर लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त 315 बोर का अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, सोनालिका ट्रैक्टर–ट्रॉली और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में पहले ही एक अन्य अभियुक्त दीपक को गिरतार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि अन्य अभियुक्तों की गिरतारी के प्रयास जारी हैं। इस संबंध में थाना भरथना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इटावा पुलिस ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

# प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल आज आएंगे इटावा

## –व्यापारियों व पदाधिकारियों के साथ करेंगे बैठक



न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल 24 फरवरी मंगलवार को इटावा पहुंचेंगे, जहां वह व्यापारियों एवं संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। यह जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे होते हुए इटावा पहुंचेंगे। उनके आगमन पर दोपहर 12 बजे नुमाइश चौराहा स्थित एमपी सिंह तोमर के आवास पर स्वागत एवं मुलाकात का कार्यक्रम होगा। इसके उपरांत वह भरथना चौराहा स्थित युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता के आवास पर दोपहर 2 बजे संगठन के जिला, नगर, युवा एवं महिला पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं, संगठन के विस्तार और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने सभी प्रदेश, जिला, नगर, युवा एवं महिला पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

# ऑपरेशन कन्विक्शन में दो अभियुक्तों को सजा, अदालत ने सुनाया फैसला

## -इटावा पुलिस की प्रभावी पैरवी से जुर्माना व कारावास की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत इटावा पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा दो अभियुक्तों को सजा और अर्थदंड से दंडित किया गया है। पहले मामले में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पर पंजी.त मुकदमा संख्या 957/2018 धारा 279/338 भादवि में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट इटावा की अदालत ने अभियुक्त प्रतीक यादव पुत्र बृजेश यादव निवासी पीएसी गली थाना फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा को न्यायालय उठने तक की सजा तथा 2,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं दूसरे मामले में थाना इकदिल पर पंजी.त मुकदमा संख्या 344/2016 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में एसीजेएम–5 इटावा की अदालत ने अभियुक्त समीर खां पुत्र हामिद खां निवासी कटराबल सिंह, नेविल रोड, थाना कोतवाली इटावा को 2 माह 10 दिन के कारावास तथा 500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। इटावा पुलिस के अनुसार ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी की जा रही है, जिससे अपराध पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।




# एसएमजीआई में फॉरेंसिक मेडिसिन पर विशेष सेमिनार आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (एसएमजीआई) में




फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह के निर्देशन में आयोजित हुआ। सेमिनार का विषय "चिकित्सा सेवा में कानूनी जटिलताओं से बचाव में फॉरेंसिक मेडिसिन की भूमिका" रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. यू. एस. शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में चिकित्सा, नर्सिंग एवं फार्मेसी से जुड़े विद्यार्थियों के लिए मेडिको–लीगल ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सही दस्तावेजीकरण, नैतिक आचरण और कानूनी प्रावधानों की जानकारी चिकित्सकों को कानूनी विवादों से सुरक्षित रखने में सहायक होती है। मुख्य वक्ता के रूप में यूपीयूएमएस सैफई के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने चिकित्सा क्षेत्र में कानूनी दायित्व, पोस्टमार्टम प्रक्रिया, साक्ष्य संरक्षण और दस्तावेजीकरण की शुद्धता पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सहायक आचार्य डॉ. अविनाश कुमार एवं डॉ. अमरेंद्र कुमार ने विभिन्न विषयों पर पॉवरपॉइंट प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। सेमिनार में नर्सिंग एवं फार्मेसी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संस्थान के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव ने कुलपति एवं सभी विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को जिम्मेदार और सजग पेशेवर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर डॉ. विदित भार्गव, देवराज वर्मा, डॉ. शशि शेखर त्रिपाठी, डॉ. सुनैना अग्रवाल (प्राचार्य, नर्सिंग कॉलेज) सहित समस्त शिक्षकगण, स्टाफ एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत पुलिस ने गांव में चलाया जागरूकता अभियान

## –हेल्पलाइन नंबर और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश।



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जनपद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 23 फरवरी 2026 को थाना इकदिल की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना ऊसराहार क्षेत्र के ग्राम आनंदपुर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान टीम ने मिशन शक्ति फेज–5 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही उन्हें विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। पुलिस टीम ने महिलाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102 व 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता हेल्पलाइन 1915 की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं आयुष्मान भारत योजना के बारे में भी जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने तथा सीखी गई जानकारी को अपने परिवार और समाज में साझा करने के लिए प्रेरित किया। अंत में टीम ने संदेश दिया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही वास्तविक सुरक्षा है। जागरूकता ही महिलाओं को सशक्त और सुरक्षित बनाती है।


## होली विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

| गाड़ी संख्या | कहां से कहां तक | दिन | प्रभावी तिथि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | कब से | कब तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार ट. | शुक्र | 27.02.26 | --- |
| 05220 | आनन्द विहार ट.-मुजफ्फरपुर | शनि | 28.02.26 | --- |
| गाड़ी संरचना: इकोनोमिक कोच: 12, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी: 08 | | | | |
| 03257 | दानापुर-आनन्द विहार ट. | रवि | 22.02.26 | 01.03.26 |
| 03258 | आनन्द विहार ट.-दानापुर | सोम | 23.02.26 | 02.03.26 |
| गाड़ी संरचना: सामान्य श्रेणी : 04, स्लीपर श्रेणी: 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी: 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी: 02 | | | | |
| 03309 | धनबाद-दिल्ली | मंगल एवं शनि | 24.02.26 | 03.03.26 |
| 03310 | दिल्ली-धनबाद | बुध एवं रवि | 25.02.26 | 04.03.26 |
| गाड़ी संरचना: सामान्य श्रेणी : 02, स्लीपर श्रेणी: 04, इकोनोमिक कोच: 12 | | | | |
| 03251 | दानापुर - सर एम. विश्वेश्वरय्या ट., बेंगलुरू | प्रतिदिन | 25.02.26 | 04.03.26 |
| 03252 | सर एम. विश्वेश्वरय्या ट., बेंगलुरू - दानापुर | प्रतिदिन | 27.02.26 | 06.03.26 |
| गाड़ी संरचना: सामान्य श्रेणी : 08, स्लीपर श्रेणी: 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी: 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी: 02 | | | | |

नोट:- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

X @CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 412/26(DG)


# नेपाल में इटावा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, दो स्वर्ण व एक कांस्य जीता

## –माउंट एवरेस्ट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जिले का बढ़ाया मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित माउंट एवरेस्ट ताइक्वांडो चौंपियनशिप में इटावा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और देश का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में जिले के तीन खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर ऐतिहासिक सफलता हासिल की। कड़े मुकाबलों के बीच प्रियदर्शन शाक्य ने कैडेट वर्ग अंडर–33 किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं वैष्णवी यादव ने कैडेट वर्ग अंडर–41 किलोग्राम में शानदार तकनीक और फुर्ती का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा जूनियर वर्ग अंडर–51 किलोग्राम में आयुष सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है। इटावा जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव हिमांशु यादव ने खिलाड़ियों




और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी वर्षों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष नबीला ने भी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सह–सचिव हरगोविंद सिंह ने कहा कि इन खिलाड़ियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया है कि मजबूत इरादों से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जिला मीडिया प्रभारी तरुण रंजन गुप्ता, सह–सचिव रोहित द्विवेदी और प्रबंधन प्रमुख श्यामजी सक्सेना ने इसे इटावा के खेल इतिहास का स्वर्णिम पल बताते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों के इटावा लौटने पर उनके भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

11 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर | फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान

जाफ़री चश्में वाले

थोक व फुटकर चश्में

39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)

कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।

नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।

कान की मशीन मात्र 450/- में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/- में

सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620

प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# सपाईयों ने मनाई संत षिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती

## - उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर की चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में मानवता के महान उपासक संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी की जयंती मनाई गई।



चित्र पर माल्यार्पण के उपरांत गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने उनके जीवन पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि एक पूजनीय संत और समाज सुधारक थे जो स्वच्छता, शिक्षा को बढ़ावा देने और अस्पृश्यता को समाप्त करने के लिए जाने जाते थे। वे स्वेच्छा से गरीबी में जीवन व्यतीत करते थे, झाड़ू लेकर गांवों की सफाई करते थे और अंधविष्वास और पशु बलि के विरुद्ध उपदेश देते थे। गोष्ठी का संचालन जिला सचिव हीरालाल साहू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव चौधरी मंजर यार, जिलाध्यक्ष महिला सभा संगीता राज पासवान, शिवशंकर यादव, सुमित साहू, कु रत्न राकेश, सिद्धार्थ गौतम, प्रदीप सोनकर, देवेंद्र गौतम, आनंद गौतम, कुलदीप पासी, नीरज यादव, अंकित पायलट, विकास कुमार, राजेश कुमार, इंद्रसेन पासी, कुलदीप, महेंद्र निषाद, प्रदीप संख्या आदि लोग मौजूद रहे।

# संत गाडगे की धूमधाम से मनाई जयंती

## - संत गाडगे सेवा समिति ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। संत गाडगे सेवा समिति के तत्वाधान में संत गाडगे जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गाडगे जी की



प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया और उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस दौरान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गुलजारीलाल ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने संत शिरोमणि महामानव संत गाडगे के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि संत गाडगे के बताए गए मार्ग पर चलने की आवष्यकता है। सभी ने उनके रास्ते पर चलने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर बृजकिशोर, कल्लू प्रसाद, मुखलाल, राम भवन चौधरी, रमेश चंद्र, मोतीलाल, कामिनी देवी, गौरी शंकर, नरेंद्र पाल, कल्लू राम, राम सोहावन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अपना दल एस चिकित्सा मंच की कार्यकारिणी घोशित

## - चिकित्सा मंच के राश्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोमवार को अपना दल एस की सदर विधानसभा एवं चिकित्सक मंच की समीक्षा पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में



हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चिकित्सा मंच के राश्ट्रीय अध्यक्ष व सदर विधानसभा के सह प्रभारी डॉ. केके सिंह रहे। सदर विधानसभा अध्यक्ष, जोन पदाधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल व संचालन जिला महासचिव अरुण पटेल ने किया। महेश पासवान जिला महासचिव चिकित्सा मंच, कमर अलम मीडिया प्रभारी चिकित्सा मंच, सचिन सिंह जिला सचिव चिकित्सा मंच, नितिन गौतम जिला कार्यकारणी सदस्य चिकित्सा मंच, मन्नू लाल प्रजापति जिला उपाध्यक्ष चिकित्सा मंच, वीरेंद्र लोधी जिला महासचिव चिकित्सा मंच, अनुराग पटेल उर्फ गुज्जर विधानसभा उपाध्यक्ष सदर बनाए गए। समीक्षा बैठक में सर्वेश पटेल, हिमांशु पटेल, अरुण पटेल, शिवांश पटेल, अवलेश कुमार, डॉ नंदराम शर्मा, दीपू पटेल, सौरभ राजपूत, शिवम विष्वकर्मा, आदित्य कुशवाहा, रामराज पाल आदि उपस्थित रहे।

# सपा सुप्रीमो के दौरे से अंसारी परिवार का बढ़ा सियासी कद

## - पूर्व सीएम ने अल्पसंख्यकों पर हो रहे उत्पीड़न पर की चर्चा

## - पिता की तरह लकी अंसारी भी सपा की जमीन जिले में करेंगे मजबूत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेष यादव के दौरे की चर्चाएं आज भी लोगों की जुबां पर लगातार चल रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक दिवसीय भ्रमण के दौरान जिले के कई पुराने कद्दावर नेताओं के यहां पहुंचकर सियासत पर चर्चा की थी। इसमें एक नाम अंसारी परिवार का भी था। सपा के पुराने कर्मठ जुझारू नेता वसीम अंसारी एडवोकेट के आवास पर भी सपा सुप्रीमो पहुंचे और अल्पसंख्यकों पर हो रहे उत्पीड़न पर चर्चा की। वसीम अंसारी ने अपने पुत्र लकी अंसारी का परिचय पूर्व मुख्यमंत्री से कराया। लकी अंसारी ने सपा सुप्रीमो को भरोसा दिलाया कि पिता की तरह वह भी पार्टी की जमीन जिले में मजबूत करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। सपा के वरिश्ठ नेता वसीम अंसारी एडवोकेट के आवास में मौजूद सैकड़ो की संख्या



में लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का स्वागत भी किया। इसके बाद लकी अंसारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को विष्वास दिलाते हुए कहा कि जिस तरह ईमानदारी के साथ उनके पिता समाजवादी पार्टी का झंडा पड़कर संगठन को मजबूत बनाने और सभी चुनाव में बाढ़ चलकर भागीदारी निभाते हुए प्रत्याशियों को जीतने के लिए काम करते थे उसी तरह अब वह भी पार्टी को मजबूत बनाने एवं 2027 में सभी प्रत्याशियों को विजय दिलाने के लिए दिन–रात एक कर हर बूथ पर कार्यकर्ताओं को मजबूत किया जाएगा। बताते चलें कि 20 फरवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का भ्रमण जनपद में हुआ था जिसमें सबसे पहले वह पूर्व विधायक मोहम्मद सफर के आवास अफोई पहुंचे उसके बाद वह पूर्व अध्यक्ष नजाकत खातून के आवास पहुंचे। तत्पष्चात समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव की पुत्री के शुभ विवाह में पहुंचे। इसी बीच बिना सरकारी प्रोटोकॉल के वह पार्टी के वरिष्ठ नेता वसीम अंसारी एडवोकेट के आवास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे उत्पीड़न पर चर्चा की। अखिलेश यादव के वापस जाने के बाद कई सियासतदा के जहां कद बढ़ गए वही इस दौर को कई महीनो में जोड़कर देखा जा रहा है क्योंकि विधानसभा चुनाव 2027 में होना है इसलिए यह दौरा अहम माना जा रहा है।

# शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि की घोषणा पर जताई खुशी

## - ताबेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर शिक्षामित्रों ने बांटी मिठाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ोत्तरी को लेकर विधानसभा में घोषणा करते हुए कहा कि अब शिक्षामित्र को एक अप्रैल 2026 से 18000 रुपए मानदेय दिया जाएगा। यह घोशणा होते ही षिक्षामित्रों में खुषी की लहर दौड़ गई। सभी शिक्षामित्रों की बहुप्रतीक्षित मांग मानदेय वृद्धि को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वीकार करते हुए 18000 प्रति माह मानदेय को घोषणा की गई है। जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने कहा कि यह समाचार सुनकर लम्बे समय से हताश एवं निराश शिक्षामित्रों के जीवन में नई आशा, उत्साह एवं सम्मान की भावना का संचार हुआ है। साथ ही जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने कहा कि जिले एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें विधायक और सब लोगो का सम्मान कर जो मागे अधूरी है। उनको पूरा करवाने का प्रयास पुनः चालू होगा संगठन अभी अपनी पैरवी चालू रखेगा। जिला संयुक्त मंत्री ओम पटेल ने कहा कि यह निर्णय शिक्षामित्रों के समर्पण, परिश्रम एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान है। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने कहा कि सभी शिक्षामित्र मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री का हृदय से आभार



एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं। शिक्षामित्रों के पक्ष में पैरवी करने वाले सभी सांसद, विधायक, एमएलसी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रिक मीडिया के सभी पत्रकार बंधुओं का शिक्षामित्र हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। इस मौके पर सुनील मिश्रा, शैलन्द वर्मा, आशुतोष द्विवेदी, अखिलेश गुप्ता, सुमित द्विवेदी, अजय सिंह, मीनू सिंह, मनोज गुप्ता, शशिकांती, सियावती, माया देवी, श्रद्धा, दुखराज, मूलचन्द्र, राजेश सिंह, अतर सिंह, राकेश कुमार आदि लोग रहे।

# मृतक लेखपाल के परिवार को दी तीन लाख से अधिक की सहायता

## – दुख की घड़ी में मजबूत सहारा बनकर सामने आया मानवता परिवार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। एकता व सहयोग की शक्ति का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मानवता परिवार के दानवीर सदस्यों ने स्वर्गीय लेखपाल महेंद्र प्रताप की मृतक नॉमिनी उर्मिला देवी के खाते में 316000 की ऐतिहासिक आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहयोग मात्र दो सौ रूपए प्रति सदस्य के योगदान से संभव हो पाया, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि जब समाज एकजुट होता है तो असंभव भी संभव हो जाता है। जनपद के रियाज कॉलोनी वर्मा चौराहा निवासी लेखपाल स्व. महेंद्र प्रताप के आकस्मिक निधन के पश्चात मानवता परिवार उनके परिवार के लिए एक मजबूत सहारा बनकर सामने आया। संगठन के लगभग 1500 सक्रिय सदस्यों के सहयोग



से यह सहायता राशि सीधे नॉमिनी के खाते में प्रेषित की गई। संस्था के नियमों के अनुसार 90 दिनों से अधिक सदस्यता रखने वाले व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। सक्रिय सदस्य की मृत्यु की स्थिति में प्रत्येक सदस्य न्यूनतम 200 रूपए का सहयोग करता है। इसके अतिरिक्त, दुर्घटना की स्थिति में इलाज हेतु एक लाख रूपए तक तथा गंभीर दुर्घटना अथवा गंभीर बीमारी की दशा में दस लाख रूपए तक का सहयोग प्रदान किए जाने का प्रावधान है। संस्थापक हिमांशु कुमार ने बताया कि इससे पूर्व भी मानवता परिवार द्वारा मृतक नॉमिनी स्वर्गीय सीताराम साहू के परिवार को 307000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर डायरेक्टर एवं संस्थापक हिमांशु कुमार, प्रदेश/मंडल प्रभारी अभिलाष कुमार, प्रयागराज जिला प्रभारी डॉ. दीपेश पटेल, जिला प्रभारी अरुण सिंह, असथोर ब्लॉक प्रभारी पंकज सिंह, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर संदीप सिंह अनुराग, समर परिवार के सदस्य तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मुकदमा दर्ज होने पर एसपी की चौखट आया परिवार

## - पुलिस व विपक्षियों पर सांठगांठ का मढ़ा आरोप, जांच की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विपक्षियों द्वारा पुलिस से सांठगांठ करके दर्ज कराए गए मुकदमे के विरोध में पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक की चौखट पर आया और षिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाते हुए जांच की मांग करते हुए मुकदमे का निस्तारण किए जाने की मांग की। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम उमरापुर निवासी राजेष कुमार पुत्र रामसनेही परिवार व गांव के अन्य लोगों के साथ एसपी की चौखट पर आया और दिए गए षिकायती पत्र में बताया कि उसके व ष्याम प्रकाष पुत्र राजबहादुर के बीच गोबर गड्ढा में विवाद के चलते पुलिस ने दोनों पक्षों को गोबर डालने से मना किया था। इसके बावजूद ष्याम प्रकाष द्वारा जबरन गोबर डाला जा रहा था। जिसका विरोध करने पर ष्याम प्रकाष मारपीट व गाली–गलौज करने लगा। डायल–112 पुलिस आई और दोनों पक्षों को थाने बुला गई। उसकी भैंस बच्चा देने वाली थी इसलिए वह उसे लेकर बकंधा चला गया। इसी बीच ष्याम प्रकाष व उसके पिता राजबहादुर ने घर जाकर गाली–गलौज की और चले गए। इसकी षिकायत उसने थाने में की। उसके वापस आने के बाद ष्याम प्रकाश व उसकी पत्नी नीतू देवी ने उसके खिलाफ फर्जी मुकदमा



दर्ज करवा दिया कि राजेष सैलेन्द्र व संतोश ने घर में घुसकर मारपीट की है। इस मामले में क्षेत्रीय इंचार्ज मधुसुदन वर्मा की मिलीभगत है। उसके प्रार्थना पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने एसपी से मामले की जांच कराकर मुकदमे का निस्तारण किए जाने की मांग की। इस मौके पर सैलेन्द्र कुमार, नरसिंह पटेल, रोहित पटेल, उत्कर्श कुर्मी, जय सिंह, राम सिंह, रामविलास, षिवगुलाम आदि मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर पंचायते करेगी भाकियू टिकैत गुट

## – 14 मार्च को प्रयागराज कमिष्नरी में होने वाले घेराव में जिले से जाएंगे किसान



न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक में मांगों को लेकर पंचायते आयोजित करने की जहां रणनीति बनाई गई वहीं आगामी चौदह मार्च को प्रयागराज कमिष्नरी में होने वाले घेराव से बड़ी संख्या में किसानों को ले जाने के निर्देष पदाधिकारियों को दिए गए। बैठक का आयोजन नहर कालोनी परिसर में जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राश्ट्रीय संगठन मंत्री राजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि नौ मार्च को हथगाम थाने का घेराव होगा। सरकारी नलकूपों को चालू कराया जाए तथा सिंचाई की अवैध वसूली रोकी जाए। मलवां में एनएच–2 के पुल के नीचे बारह मार्च को पंचायत होगी। बिंदकी से कानपुर तक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन पुनः षुरू कराया जाए। स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाई जाए। सत्रह मार्च को गनेषदासपुर चौराहा ब्लाक ऐरायां में पंचायत आयोजित होगी। चौदह मार्च को प्रयागराज कमिष्नरी के होने वाले घेराव में जनपद से किसान भारी मात्रा में षामिल होने जाएंगे। इस मौके पर मण्डल महासचिव देवनारायण पटेल, सुरेन्द्र सिंह, विवेक यादव, मुन्ना षेख, दिनेष षुक्ला, नागेन्द्र यादव, कृशणपाल सिंह, धरम सिंह, कप्तान सिंह, दीपक मौर्य, भरत सिंह, छोटू यादव, रामानन्द मौर्य, मोइद अहमद, अनमोल सिंह, सुनील पासवान, गुफरान, कामता निशाद, चन्द्रपाल लोधी, राजन यादव, राधेलाल, सुरेष चौहान, गंगा प्रसाद भी मौजूद रहे।

# इफ्तार व सहरी




सुन्नी हजरात छठवें रोजे का इफ्तार 6.06 व सातवें रोजे की सहरी 5.11 मिनट पर करे।

शिया हजरात– छठवें रोजे का इफ्तार 6.16 व सातवें रोजे की सहरी 5.01 मिनट पर करे।

# विशमुक्तउत्पादन के लिए अपनाए जैविक खेती

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। हथगाम विकास खंड के चक भुनगापुर गांव में नमामि गंगे योजना के तहत ग्रीनरी एग्री बिजनेस द्वारा जैविक .षि मेला एवं भृगु आग्रेनिक के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। मेले में किसानों को रसायनों के कारण बंजर होती मिट्टी को सुधारने, खेती की लागत कम कर किसानों को कर्जमुक्त बनाने, पौष्टिक व विषमुक्त भोजन उपलब्ध कराने और पर्यावरण (जल–वायु) की सुरक्षा के लिए जैविक खेती अपनाने पर ज़ोर दिया गया। मेले का शुभांरभ फीता काटकर सेवानिवृत संयुक्त .षि वैज्ञानिक डा. ओपी वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती आज की जरूरत है। .षि वैज्ञानिक डा. शिवमंगल सिंह ने नीम की उपयोगिता बताई। .षि प्रशिक्षक रमाकांत तिवारी ने प्रा.तिक संसाधनों से अपनी खाद बीज तैयार करने के उपाय सुझाए। मास्टर ट्रेनर वीरेंद्र यादव ने खेती में केचुआ की जरूरत बताई। बर्मी कंपोस्ट, जीवामृत बनाने की विधि बता खेती में लागत कम कर विषमुक्त उत्पादन लेने पर किसानों का ध्यान आ.ष्ट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन आलोक गौड़ ने किया। औषधीय खेती के स्टॉल अमित श्रीवास्तव ने लगा किसानों को जड़ी बूटी की खेती करने पर जोर दिया। दस उन्नतशील .षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिव सिंह सागर, ग्रीनरी एग्री बिजनेस के प्रोजक्ट क्वार्डिनेटर रमेश पटेल, अनुपम सिंह चौहान, राहुल सिंह, विकास सिंह, बृजेश कुमार, पीजीएस से ऋतुराज, महेंद्र विक्रम सिंह, .ष्णपाल आदि रहे।

# मां ज्वाला देवी महोत्सव को लेकर पुस्तिका का विमोचन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुरानी बिंदकी के सिद्धपीठ मां ज्वाला देवी मंदिर परिसर में हवन पूजन के साथ 10 मार्च से शुरू होने वाले मेला महोत्सव को लेकर पुस्तिका का विमोचन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, भाजपा विधायक



राजेंद्र सिंह पटेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अरुण तथा मां ज्वाला देवी मेला कमेटी के अध्यक्ष शिवकरन सिंह ने संयुक्त रूप से 6 दिवसीय मां ज्वाला देवी महोत्सव की पुस्तिका का विमोचन कर रूपरेखा तय किया। पुस्तिका विमोचन के पहले हवन पूजन कर मां ज्वाला देवी की पूजा आरती की गई। पुस्तिका विमोचन के पहले एक बैठक भी की गई जिसमें बताया गया कि मां ज्वाला देवी महोत्सव 10 मार्च को होलिका दहन तथा पुष्प होली के साथ प्रारंभ हो जाएगा। 11 मार्च व 12 मार्च को विभिन्न सांस्.तिक कार्यक्रम होंगे। 13 मार्च को श्याम महोत्सव होगा। 14 मार्च को रात्रि जागरण का आयोजन होगा। 15 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को पुस्तिका विमोचन के बाद मां ज्वाला देवी मंदिर परिसर में कन्या भोज कराया गया। इस मौके पर राजेश गुप्ता उर्फ राजा भैया, बिंदकी चेयरमैन प्रतिनिधि रामकुमार साहू, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मधुराज विष्वकर्मा, पूरन सिंह, लक्ष्मीचंद्र उर्फ मोना ओमर, प्रमोद सिंह परिहार, रामेष्वर दयाल दयालू गुप्ता, पूर्व चेयरमैन मुन्नालाल सोनकर, अतुल द्विवेदी, बलराम सिंह, बृजेश कुमार जग्गा, सूर्या सोनकर, भारत सिंह, मीडिया प्रभारी आलोक गौड़, अवधेश मोदी, महताब सिंह चौहान अभय भदौरिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भैरमपुर विद्यालय के बच्चों को दिया सीपीआर प्रशिक्षण

## – 346 बच्चों को दी चिकनपॉक्स से बचाव की दवा

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पुनः चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिकनपॉक्स बचाव व सीपीआर प्रशिक्षण अभियान चलाया। डॉ अनुराग ने प्राथमिक विद्यालय अस्ती के 152, कम्पोजिट विद्यालय अस्ती के 95, कम्पोजिट विद्यालय भैरमपुर के 99 कुल 346 बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व संक्रमण को कम करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि का वितरण किया। साथ ही कम्पोजिट विद्यालय भैरमपुर के बच्चों को सीपीआर प्रशिक्षण देकर कैसे किसी के हृदय रुक जाने पर अस्पताल भेजने से पहले सीपीआर देना और फिर अस्पताल भेजने हेतु जागरूक किया और स्वच्छता रखने हेतु भी समझाया क्योंकि बहुत सारी बीमारियां स्वच्छता न रखने से हम सभी को प्रभावित करती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्या तरन्नुम अंसारी, रेखा शुक्ल, अध्यापिका वंदना श्रीवास्तव, सानिया सिद्दीकी सहित प्रमुख सहयोगी आजीवन सदस्य प्रेमचंद्र मौर्य व अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )